मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित

# उत्तरशक्ति

हिन्दी दैनिक

मुंबई
वर्षः 7 अंक 182
शुक्रवार, 17 जनवरी 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

हर खबर निष्पक्षता के साथ

## आने वाले समय में युद्ध अधिक हिंसक, अप्रत्याशित हो जाएंगे: राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली, 16 जनवरी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि कई देशों में गैर-सरकारी तत्वों का उभरना और उनका आतंकवाद का सहारा लेना चिंता का विषय है। यहां 77वें सेना दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि आने वाले दिनों में संघर्ष और युद्ध अधिक हिंसक तथा अप्रत्याशित हो जाएंगे।



उन्होंने यह भी कहा कि सरकार सशस्त्र बलों को आधुनिक बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही, साथ ही उन्होंने कहा कि बदलती भू-राजनीतिक विश्व व्यवस्था और युद्ध के लगातार बदलते चरित्र को ध्यान में रखना होगा। सिंह ने कहा, मुझे लगता है कि आने वाले समय में संघर्ष व युद्ध और अधिक हिंसक तथा अप्रत्याशित हो जाएंगे। (युद्ध में) गैर परंपरागत और विषम तरीके धीरे-धीरे बढ़ रहे हैं। किसी देश का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि कई देशों में गैर-सरकारी तत्वों का उभरना और आतंकवाद का सहारा लेना चिंता का विषय है।

उन्होंने कहा कि साथ ही, तेजी से हो रही तकनीकी प्रगति के कारण भविष्य के युद्ध में काफी हद तक बदलाव देखने को मिलेगा। सिंह ने कहा कि साइबर और अंतरिक्ष क्षेत्र तेजी से नए युद्ध क्षेत्र के रूप में उभर रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा, इसके साथ-साथ, विमर्श का युद्ध भी पूरी दुनिया में लड़ा जा रहा है।

सेना को इन बहुस्तरीय चुनौतियों का सामना करने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। सिंह ने अपने भाषण की शुरूआत में कहा कि वह पुणे की वीर भूमि, छत्रपति शिवाजी की भूमि और बाल गंगाधर तिलक जैसे स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि शांति कायम करने के लिए ताकत जरूरी है। सिंह ने यह भी कहा कि रणनीतिक स्वायत्तता हासिल करने के लिए आत्मनिर्भरता जरूरी है। रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए एक मजबूत सुरक्षा प्रणाली, मजबूत सेना और सुरक्षित सीमाओं की आवश्यकता पर जोर दिया।

## सुप्रीम कोर्ट मे 13 फरवरी को होगी गोधरा कांड पर सुनवाई

**नई दिल्ली, 16 जनवरी।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह 2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड मामले में गुजरात सरकार और कई अन्य दोषियों द्वारा दायर अपील पर 13 फरवरी को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने स्पष्ट किया कि सुनवाई की अगली तारीख पर मामले में कोई स्थगन नहीं दिया जाएगा। 27 फरवरी 2002 को गुजरात के गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस के एस-6 कोच को जलाए जाने से 59 लोगों की मौत हो गई थी, जिससे राज्य में दंगे भड़क उठे थे। गुजरात उच्च न्यायालय के अक्टूबर 2017 के फैसले को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत में कई अपीलें दायर की गई हैं, जिसने कई दोषियों की सजा को बरकरार रखा था और 11 लोगों की मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया था।



मामला गुरुवार को सुनवाई के लिए आया, तो एक दोषी की ओर से पेश वकील ने कहा कि कोई सबूत रिकॉर्ड पर नहीं रखा गया है। न्यायमूर्ति माहेश्वरी ने कहा कि हमें पता नहीं। हम मामले की सुनवाई करेंगे और हमने यह पहले ही स्पष्ट कर दिया था। हम इस मामले को स्थगित नहीं करेंगे. इस मामले को कम से कम पांच बार स्थगित किया जा चुका है। (पिछले एक साल से, मैं इस मामले को स्थगित कर रहा हूं। वकील ने अदालत को बताया कि कुछ दोषियों ने माफी याचिका दायर की है जो लंबित हैं। मामले को स्थगित करने से इनकार करते हुए पीठ ने कहा कि हमारे पास मुख्य न्यायाधीश के कार्यालय से निर्देश हैं कि आपराधिक अपील और माफी के मामलों को एक साथ सुनने की जरूरत नहीं है। दोषियों में से एक की ओर से पेश वरिष्ठ वकील संजय हेगड़े ने कहा कि मौत की सजा को उम्रकैद में बदलने के खिलाफ गुजरात द्वारा दायर अपील पर पहले सुनवाई होनी है। बाईस साल बीत चुके हैं। मेरे मुवक्किलों को मौत की सजा नहीं दी गई है। इस पीठ को पहले अपराध की पुष्टि करनी होगी। एक बार इसकी पुष्टि हो जाए, उसके बाद सजा का हिस्सा आता है।

### भाजपा की हरियाणा इकाई के प्रमुख बडोली पर लगे आरोप बेहद गंभीर: अनिल विज

**हरियाणा।** हरियाणा के कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने बुधवार को कहा कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बडोली के खिलाफ सामूहिक बलात्कार का आरोप बहुत गंभीर है और पार्टी हाईकमान इस पर संज्ञान लेगा। बडोली और गायक रॉकी मित्तल के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक महिला ने आरोप लगाया है कि हिमाचल प्रदेश के कसौली में एक होटल में उन्होंने उससे बलात्कार किया।

अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने दोनों लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। बडोली पर लगे गंभीर आरोपों के संबंध में अंबाला में एक सवाल का जवाब देते हुए भाजपा के नेता विज ने कहा, आरोप बहुत गंभीर हैं और मुझे यकीन है कि हमारा हाईकमान इसका संज्ञान लेगा।

## महाकुंभ में इंतजामों को लेकर अखिलेश यादव ने उठाए योगी सरकार पर सवाल

**लखनऊ, 16 जनवरी।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि महाकुंभ में भव्य व्यवस्था के सरकार के दावे वास्तविकता से बहुत दूर हैं। एक बयान में, यादव ने कहा कि तीर्थयात्री पीने के पानी, भोजन और आश्रय जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उनकी पीड़ा सुनने वाला कोई नहीं है। वरिष्ठ नागरिक कई किलोमीटर पैदल चलने को मजबूर हैं और ठंड से बचाव के कोई उपाय नहीं हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब नाविकों का समर्थन करने के बजाय, सरकार ने उनकी आजीविका को प्रतिबंधित कर दिया है।



राज्य और केंद्र की भाजपा सरकार पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और विफल शासन का आरोप लगाते हुए यादव ने कहा कि उनके द्वारा शुरू की गई हर योजना रिश्वतखोरी की कहानी बन गई है। उन्होंने कहा, इस बीच मुद्रास्फीति, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गए हैं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने अब अखिलेश यादव पर पलटवार किया है। ब्रजेश पाठक ने कहा कि अखिलेश यादव हमेशा सनातन के खिलाफ बोलते रहे हैं, अतीत पर नजर डालें। उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अयोध्या में रामभक्तों पर गोली चलाने का आदेश दिया. जाति और धर्म से परे करोड़ों लोग संगम में डुबकी लगाते हैं और इससे उन्हें दुख होता है। ब्रजेश पाठक ने चुनौती देते हुए कहा कि अगर उनमें हिम्मत है तो उन्हें दूसरे धर्मों के खिलाफ बोलना चाहिए। वह अयोध्या नगरी को बुनियादी ढांचा तक नहीं दे सके, लेकिन आज वहां विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा बनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि जब भी किसी ने सनातन का अपमान किया है तो उसे पश्चाताप करना पड़ा है और समाजवादी पार्टी को भी पश्चाताप करना पड़ेगा। अखिलेश यादव को गुटबाजी से ऊपर उठकर प्रयागराज आने वाले लोगों का स्वागत करना चाहिए।

## डबल इंजन सरकार न तो सुशासन दे सकती और न सुरक्षा: अरविंद केजरीवाल

**नई दिल्ली, 16 जनवरी।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को महाराष्ट्र सरकार पर बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर चाकू से हमला करने की कोशिश के मद्देनजर मुंबई में लोगों को सुरक्षा प्रदान करने में विफल रहने का आरोप लगाया। केजरीवाल ने प्रेस वार्ता ने कहा कि आज सुबह हमें चौंकाने वाली खबर मिली कि सैफ अली खान को अज्ञात लोगों ने चाकू मार दिया। फिलहाल उनका इलाज चल रहा है। मैं प्रार्थना करता हूं कि वह जल्द से जल्द ठीक हो जाएं लेकिन यह चिंता की बात है कि इतने बड़े अभिनेता जो इतनी सुरक्षित जगह पर रहते हैं, उनके घर पर इस तरह से हमला किया जाता है, इससे राज्य और केंद्र सरकार पर सवाल खड़े होते हैं।



केजरीवाल ने कहा कि इससे पहले सलमान खान पर हमला हुआ था, बाबा सिद्दीकी की हत्या हुई थी।

अगर सरकार इतनी बड़ी हस्तियों को सुरक्षा नहीं दे सकती तो आम लोगों का क्या होगा? हर दिन वे (भाजपा) कहते हैं कि वे भारत बांग्लादेश सीमा की रक्षा करने में सक्षम नहीं हैं। अगर वे ऐसा नहीं कर पा रहे हैं तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। केजरीवाल ने तंज सकते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार न तो सुशासन दे सकती है और न ही लोगों को सुरक्षा। इससे पहले दिन में, सैफ अली खान की टीम ने एक बयान जारी कर कहा था कि अभिनेता खतरे से बाहर हैं और फिलहाल ठीक हो रहे हैं। बयान में कहा गया, सैफ अली खान सर्जरी से बाहर आ गए हैं और खतरे से बाहर हैं। फिलहाल उनकी हालत में सुधार है और डॉक्टर उनकी प्रगति पर नजर रख रहे हैं। परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित हैं और पुलिस घटना की जांच कर रही है।

अभिनेता सैफ अली खान पर हमले की जांच कर रही टीम में शामिल मुंबई पुलिस के डीसीपी जोन 9 दीक्षित गेदाम ने कहा कि जांच जारी है. उन्होंने कहा, जांच चल रही है। मैं विवरण का खुलासा नहीं कर सकता।

## महाकुंभ के दौरान काशी आने वाले श्रद्धालुओं को मिले उच्चस्तरीय व्यवस्थाएं

◆ खामियां मिली तो अधिकारियों की खैर नहीं, रेलवे स्टेशन पहुंचकर किया निरीक्षण

◆ वाराणसी व विंध्य क्षेत्र के तहत प्रस्तावित कार्यों में तेजी लाया जाएं : मुख्यमंत्री

सुरेश गांधी

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बाबा विश्वनाथ का पूजन करने के साथ ही महाकुंभ के दौरान काशी आने वाले श्रद्धालुओं के मद्देनजर व्यवस्थाओं का हाल जाना। इसके बाद सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने जिले में चल रहे विकास कार्यों सहित महाकुंभ में आने वाले भक्तों की सुख-सुविधाओं की जानकारी ली। इसके बाद कानून प्रबंधन के बारे में विस्तृत



चर्चा करते हुए दो टूक कहा, महाकुंभ के दौरान काशी आने वाले श्रद्धालुओं को हरहाल में उच्चस्तरीय व्यवस्थाएं मिलनी चाहिए, खामियां मिली तो अधिकारियों की खैर नहीं। इसके अलावा शीत लहर को देखते हुए श्रद्धालुओं के रुकने के स्थान पर अलाव के साथ ही शौचालय, साफ-सफाई, पेयजल एवं प्रकाश आदि की व्यवस्था के साथ ही सुरक्षा के समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराया जाए। गंगा घाट से लेकर बस स्टैंडो तक व्यवस्थाएं दुरुस्त हो, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी तरह कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने काशी तमिल संगमम आयोजन के तैयारियों के संबंध में जानकारियां लेते हुए इसकी पूरी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कहा कार्यक्रम को बेहतर और सफलतापूर्वक आयोजन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किये जायें। उन्होंने राजस्व के लंबित वादों का शीघ्रता से मेरिट के आधार पर समाधान सुनिश्चित कराने के निर्देश जिलाधिकारी को दिये। पूर्व में वरुणा रिवर फ्रंट के संबंध में दिये गये निर्देशों के क्रम में आवश्यक कारवाई को आगे बढ़ाने हेतु निर्देशित किया। वाराणसी-विंध्य क्षेत्र के तहत प्रस्तावित कार्यों को तेज गति से आगे बढ़ाने को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने वाराणसी में सीवरेज लीक के कतिपय मामलों पर जलनिगम (शहरी) तथा नगर निगम को पूर्ण समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी सड़क व गली में सीवरेज ओवरफ्लो की कोई शिकायत नहीं मिलनी चाहिये। उन्होंने जल निगम (शहरी) को पेयजल एवं सीवरेज को लेकर आमूलचूल सुधार लाए जाने के निर्देश दिये। जलनिगम द्वारा पाइपलाइन बिछाये जाने के दौरान किए गए सड़कों के कटिंग को तत्काल दुरुस्त किए जाने हेतु निर्देशित किया। शहर को प्लास्टिक फ्री एवं स्वच्छ रखने में आमजनों के साथ जनप्रतिनिधियों को भी हिस्सा बनाकर कार्य करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के स्वच्छता के मिशन को आगे बढ़ाने के लिये पूर्ण प्रयास किया जाये। मुख्यमंत्री द्वारा सड़क निर्माण एवं चौड़ीकरण के दौरान प्रभावितों को उचित मुआवजा दिये जाने के निर्देश दिये गये।












## ओस्तवाल नगरी में श्री संकटमोचन शिव मंदिर पर अखण्ड हरिकीर्तन संपन्न



**नालासोपारा (उत्तरशक्ति)।** नालासोपारा पूर्व ओसवाल नगरी स्थित जिसे आज धर्म सार नगरी भी कहा जाता है। उस नगरी में बहुत ही सौभाग्य से श्री संकट मोचन शिव मंदिर में मकर संक्रांति के उपलक्ष में 13 - 14 जनवरी को अखंड हरी कीर्तन एवं भव्य भंडारे का कार्यक्रम सफल हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वसई विरार नगर पालिका के प्रथम पूर्व सभापति भरत भाई मकवाना , समाज सेवक निलेश चौधरी और नागेंद्र तिवारी , सुनील तिवारी मौजूद रहे श्री संकट मोचन शिव मंदिर के संकट मोचन कमेटी के दया शंकर , महादेव , कांबले , समाज सेवी ठाकुर दीपक सिंह , अखिलेश , ठाकुर अजीत सिंह रघुवंशी , दिलीप सिंह बबलू , दिलीप सिंह , रामचंद्र वर्मा , कपिल मिश्रा , सिंगर विपिन दुबे , छोटे पंडित , अमित चौरसिया , अजय उपाध्याय , राय साहब , राकेश मिश्रा , दीपांश तिवारी , धनंजय जायसवाल , नंदलाल शर्मा , अनिल पाठक , मनोज सिंह , विपिन सिंह , रजनीश सिंह , मुकेश झा , राकेश झा , अतुल सिंह , विक्की शर्मा , अटल मिश्रा , सुधीर साहनी, अशोक मिश्रा सहित मंदिर ट्रस्ट के तमाम कार्यकर्ता एवं भक्तजन उपस्थित थे।

## खाशाब जाधव जैसे ओलंपिक एथलीट पालघर जिले में तैयार होंगे: अपर पुलिस अधीक्षक विनायक नरले



**पालघर (उत्तरशक्ति)।** ओलंपियन खाशाबा जाधव का जन्मदिन राज्य खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। राज्य खेल दिवस के मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक विनायक नरले ने बोलते हुए कहा कि हमें यकीन है कि खाशाबा जाधव जैसे ओलंपियन पालघर जिले में उत्पन्न होंगे।

राज्य खेल दिवस के अवसर पर पालघर में क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का उद्घाटन अपर पुलिस अधीक्षक विनायक नरले ने हरी झंडी दिखाकर किया। ओलंपियन खाशाबा जाधव की जयंती के अवसर पर 14 से 17 वर्ष आयु वर्ग के लड़के-लड़कियों के लिए क्रॉस कंट्री, बैडमिंटन, कबड्डी और होलीबॉल जैसी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी सुहास व्हनमाने, तहसील खेल अधिकारी भक्ति अंब्रे, खेल अधिकारी अमृता घाडगे, वरिष्ठ खेल शिक्षक राम पाटील, अरविंद ठाकरे, श्री वाघमारे, उल्हास पाटील, माई स्पोर्ट्स फैमिली ग्रुप के सभी सदस्य, खेल मार्गदर्शक प्रतीश पाटील, चेतन मोरे आदि उपस्थित थे।

## पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जनजाति व अन्य वर्गों के योग्य शिक्षकों को भर्ती हेतु कुंदन संखे ने की शिक्षा मंत्री दादाजी भुसे से भेंट



**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** कुछ महीने पहले आदिवासी पात्र उम्मीदवारों व जन प्रतिनिधियों के आंदोलन के बाद महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अक्टूबर 2024 में सरकारी परिपत्र जारी कर मानधन के तहत पेसा अंतर्गत शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया लागू करने का निर्णय लिया। जिसके परिणाम स्वरूप पालघर जिले की 1891 सीटों में से 822 सीटों पर आदिवासी समुदाय के उम्मीदवारों की भर्ती प्रक्रिया पूरी की गई। इससे पालघर जिले के आदिवासी समुदाय ने भी खुशी जताई। लेकिन उक्त 822 पात्र लाभार्थियों के बावजूद अभी भी 1069 सीटें खाली पड़ी हुई है। इसके लिए जिले के पात्र विद्यार्थी पालघर जिले के अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जनजाति व अन्य वर्गों के पात्र उम्मीदवारों को समायोजित करने की मांग कर रहे हैं। इसके लिए उन सभी ने पालघर जिला परिषद को आंदोलन के संबंध में पत्र सौंपा है। शिवसेना (शिंदे गुट) के पालघर जिला प्रमुख कुन्दन संखे ने महाराष्ट्र के शिक्षा मंत्री दादाजी भुसे से व्यक्तिगत मुलाकात कर पालघर जिले में अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जनजाति व अन्य श्रेणियों के उम्मीदवारों की भावनाओं के बारे में जानकारी दी। दादाजी भुसे ने इस विषय को लेकर अगले कुछ दिनों में एक बैठक आयोजित करने पर भी सहमति जताई। जिसके कारण कुंदन संखे ने उम्मीद जताते हुए कहा कि भविष्य में जिले के योग्य उम्मीदवारों को निश्चित रूप से न्याय मिलेगा।

## लूबी इंडस्ट्रीज एलएलपी को बीपीसीएल का कॉन्ट्रैक्ट मिला

**मुंबई।** भारत के इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) इंफ्रास्ट्रक्चर को आगे बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम में, लूबी इंडस्ट्रीज को भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) द्वारा देश भर में 1,400 फास्ट डीसी चार्जर के निर्माण, आपूर्ति, स्थापना और कमीशन के लिए एक प्रमुख अनुबंध किया गया है। यह साझेदारी एक मजबूत और आत्मनिर्भर ईवी चार्जिंग नेटवर्क बनाने के देश के प्रयासों में एक मील का पत्थर है। लूबी इंडस्ट्रीज पूरे भारत में बीपीसीएल रिटेल आउटलेट्स को 60'ह फास्ट चार्जर उपलब्ध करेगी, जिससे ईवी उपयोगकताओं के लिए दोषरहित और विश्वसनीय चार्जिंग सक्षम होगी। यह रणनीतिक परियोजना भारत में सालाना स्थापित होने वाले कुल डीसी चार्जर्स का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो पूरे देश में ईवी अपनाने में तेजी लाने और पर्यावरण के अनुकूल टिकाऊ गतिशीलता को बढ़ावा देने में मदद करती है। भारत के हरित ऊर्जा लक्ष्यों को सशक्त बनाते हुए, जैसे-जैसे भारत ऊर्जा स्वतंत्रता और स्वच्छ परिवहन की ओर बढ़ रहा है, इस प्रोजेक्ट में स्थानीय रूप से उत्पादित सामग्रियों और नियामक एजेंसियों द्वारा निर्धारित कड़े गुणवत्ता मानदंडों के पालन पर जोर दिया गया है।

# श्रीलंकाई आरोपी को गिरफ्तार करने में काशीगॉव थाने को मिली सफलता

**तारकेश्वर पांडे**

**मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति)।** काशीगॉव थाने की अपराध जांच टीम ने हत्या जैसे गंभीर अपराध में जमानत पर छूटकर भारत में शरण लेने भागे श्रीलंकाई आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

माननीय. पुलिस उपायुक्त परिक्षेत्र 01 मीरा रोड (जे.नं. रीडर/टीई-1/ऑल आउट कॉबिंग ऑपरेशन/77/2025 दिनांक 06/01/2025 को थाना सीमा के अंतर्गत 13.1.2025 को 18.00 बजे से 23 बजे तक ऑल आउट कॉबिंग 00 बजे तक ऑपरेशन चलाया गया।वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश तोगरवाड के मार्गदर्शन में अपराध जांच शाखा अधिकारी पौनि/अभिजीत लांडे, किरण बागदाने, पु.ओ.हवा/08001 प्रताप पाचुंडे, पोशी/14053 नामदेव देवकट्टे पोशी/16090 उमंग चौधरी, पु.ओ. शि/12093 सुनील ठाकुर वांछित एवं फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी, हिस्ट्रीशीटरों पर नजर रखने तथा कॉम्बिंग ऑपरेशन के तहत थाना सीमा के अंतर्गत होटल एवं लॉज का निरीक्षण करते हुए, 21.45 बजे वेस्टर्न होटल/लॉजिंग, काशीगांव, मीरा रोड पी.ओ . एच जिला. ठाणे में होटल में आए ग्राहकों के रजिस्टर की जांच करते समय, ड्यूटी पर मौजूद लॉजिंग मैनेजर अल्ताफ शेख ने पौनी/लैंड को बताया कि उनके ग्राहकों में दिनेश कुमार को संदिग्ध पाया गया। उन्होंने होटल प्रबंधक को दिनेश कुमार के कमरे की जांच करने के लिए कहा और प्रबंधक के साथ कमरा नंबर 306 में गए जहां वह ठहरे थे, वहां जाकर उन्होंने एक दिनेश कुमार



अय्यर के बारे में पूछताछ की, जो उन्हें अपने हाव-भाव के बारे में संदिग्ध बताते हुए अपना मूल निवास पता नहीं बता सका भाषण के दौरान जब उनसे आगे सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि वह श्रीलंका के नागरिक हैं। उसे विश्वास में लेकर जब उसका मूल नाम-पता पूछा गया तो उसने अपना नाम अरुमहद्दी जेनिथ मदुसंघ डिसिल्वा, उम्र 36 वर्ष, निवासी बताया। एन 06, टेंपल रोड, तेलवाथा, देश श्रीलंका से जब उससे उक्त स्थान पर आने का कारण और सरकारी अनुमति, पासपोर्ट वीजा के बारे में पूछा गया तो उसने कहा कि उसके पास भारत में प्रवेश करने की कोई अनुमति नहीं है, पासपोर्ट और वीजा है वह भारत में प्रवेश कर चुका था, वह भारतीय तटरक्षक बल की नजरों से बचते हुए 31.12.2024 को समुद्र के रास्ते एक नाव में भारत के तमिलनाडु राज्य में प्रवेश कर गया। उन्होंने कहा कि वह तमिलनाडु राज्य से बस और ट्रेन द्वारा मुंबई, ठाणे आए और जब उनसे भारत आने के उद्देश्य के बारे में पूछताछ की गई तो उन्होंने 2015 में एक स्थानीय गिरोह विवाद के कारण श्रीलंका में हत्या का अपराध किया और इस अपराध में श्रीलंका की अदालत ने दिसंबर 2024 में उन्हें जमानत दे दी। उन्होंने कहा है कि श्रीलंका की जेल से जमानत पर रिहा होने के बाद वह शरण के लिए भारत आए थे। बहरहाल, विदेशी नागरिक को हिरासत में लेने के बाद काशीगांव पुलिस स्टेशन जी.आर गिरफ्तार आरोपी फिलहाल पुलिस हिरासत में है, और उसे भारत में प्रवेश करने में किसने मदद की और उसके पास मौजूद आधार कार्ड और मोबाइल सिम कार्ड किसने दिया, इसकी जांच काशीगांव पुलिस स्टेशन के आतंकवाद विरोधी सेल के पुलिस उप-निरीक्षक सचिन शेंडगे द्वारा की जा रही है। .

श्रीमान का मार्गदर्शन प्रकाश गायकवाड़, पुलिस उपायुक्त सर्कल 01, डॉ. विजय मराठे, सहायक पुलिस आयुक्त, मीरा रोड डिवीजन, महेश तोगरवाड, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक, काशीगांव पुलिस स्टेशन, किरण बागदाने, अभिजीत लांडे, पुलिस उप निरीक्षक, अपराध जांच शाखा और अपराध जांच शाखा अधिकारी पो. हवा/प्रताप पंचुडे, पो. शि विक्रांत खंडारे, पी.एस. उमंग चौधरी, पीओ शि. किरण विरकर, पी.एस. रवीन्द्र सोनवणे, पी.एस. नामदेव देवकाते, पी.एस. अभिषेक माधवी, पी.एस. सुनील ठाकुर द्वारा किया गया।

## वर्षा गायकवाड़ ने किया डॉ. किशोर सिंह के मुंबई कांग्रेस कैलेंडर का विमोचन



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष सांसद वर्षा गायकवाड़ ने आज मुंबई कांग्रेस कार्यालय, राजीव गांधी भवन में मुंबई महासचिव डॉ किशोर सिंह के मुंबई कांग्रेस कैलेंडर 2025 का विमोचन किया।

इस अवसर पर मुंबई कांग्रेस से जुड़े पदाधिकारी कचरु यादव, जयकांत शुक्ला, विकास पांडे, प्रदीप चौबे, धनंजय तिवारी, रहनुमा सिद्दीकी, संदीप कांडके, पूर्व नगरसेवक बब्बू खान, राजा रहबर, अरुण सिंह, हिना गजाली समेत अनेक लोग उपस्थित रहे ।

वर्षा गायकवाड ने प्रतिवर्ष डॉ किशोर सिंह द्वारा विगत अनेक वर्षों से प्रकाशित किया जा रहे मुंबई कांग्रेस कैलेंडर के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

## ब्लॉक प्रमुख सुशील सिंह के जन्मदिन पर कंबल का वितरण

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** प्रतापगढ़ जिले के पट्टी तहसील स्थित बाबा बेलखरनाथ धाम के ब्लॉक प्रमुख एवं मुंबई मीरारोड निवासी सुशील सिंह का 14 जनवरी को जन्मदिन और मकर संक्रांति का पावन पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रदेश के दो पूर्व कैबिनेट मंत्रियों, शिवाकांत ओझा और राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह ने केक काटकर तथा कंबल वितरण कार्यक्रम में हिस्सा लेकर ब्लॉक प्रमुख सुशील सिंह को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। पूर्व मंत्री शिवाकांत ओझा ने मकर संक्रांति के महत्व को समझाया और कहा कि यह दिन सूर्य के उत्तरायण होने के साथ शुभ कार्यों की शुरूआत का प्रतीक है। उन्होंने महाभारत के भीष्म पितामह के त्याग और संकल्प का उल्लेख करते हुए यह भी कहा



कि राजा के अच्छे या बुरे कार्यों का प्रभाव उसके राज्य पर पड़ता है। वहीं, पूर्व मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि ब्लॉक प्रमुख सुशील सिंह उनके पुत्रवत हैं और उनके द्वारा किए जा रहे समाज सेवा के कार्य सराहनीय हैं। कार्यक्रम के दौरान ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोच्चारण और शंखनाद किया गया। इसके बाद, प्रमुख सुशील सिंह ने उपस्थित जनसमूह को अंगवस्त्र भेंट किए, और मंत्री द्वारा पत्रकारों को डायरी और पेन देकर सम्मानित किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम देर शाम तक चला, जिसमें समाज के जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर पट्टी ब्लॉक प्रमुख राकेश सिंह, देवसरा ब्लॉक प्रमुख कमलाकांत यादव, रामगंज पंचायत अध्यक्ष राकेश सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामचरित्र वर्मा, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष नागेंद्र मिश्रा, सतीश सिंह, अमित सिंह, संजीव सिंह पेशकर, फतेह बहादुर सिंह, राजकुमार सिंह, अजय सिंह टक्कू, हरीश जायसवाल, बार एसोसिएशन पट्टी अध्यक्ष राधा रमन मिश्रा समेत कई प्रमुख लोग और लाभार्थी मौजूद रहे।

## ज्योति सिरसागर मुंबई प्रदेश की महिला अध्यक्ष नियुक्त

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** चेंबूर में गत दिनों राकांपा रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया की बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर राकांपा रिपब्लिकन पार्टी के पक्षाध्यक्ष नामदेव साबले द्वारा ज्योति सिरसागर को मुंबई प्रदेश महिला का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बता दें कि ज्योति सिरसागर पिछले कई वर्षों से सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय हैं और उन्होंने दलितों और विशेषकर मातंग समाज के उत्थान के लिए कड़ा परिश्रम किया है। मुक्ताई ब्रिगेड सामाजिक संगठन के माध्यम से पिछड़े और जमीनी स्तर के लिए काम कर रही हैं। इस संगठन के माध्यम से उन्होंने शिक्षित, अशिक्षित, बेरोजगार और महिला वर्ग के उत्थान के लिए काम किया।

आज भी वे महाराष्ट्र के शोषित,



दलित , पीड़ित वर्ग के लिए अपना तन, मन और धन समर्पित करते हुए कार्य कर रही हैं।ऐसी मेहनती महिला को पक्षाध्यक्ष नामदेव साबले ने राकांपा रिपब्लिकन महिला आघाड़ी मुंबई प्रदेश का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष मुरलीधर गायकवाड़, महाराष्ट्र उपाध्यक्ष मंजप्पा गावड़ा, महाराष्ट्र राज्य सचिव अजय ठोंम्बे मुंबई अध्यक्ष संजय लांडगे, युवा रिपब्लिकन मुंबई प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट कनिष्क साबले, महाराष्ट्र राज्य संगठक राहुल कांबले, लहू गाड़ साप्ताहिक के संपादक और दलित नेता विजय क्षीरसागर, वेंकटेश गोसाई आदि कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रवादी युवा रिपब्लिकन के पदाधिकारियों ने कड़ी मेहनत की।

## श्री मद भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का कथा प्रारंभ

**वसई - ( उत्तर शक्ति )।** योग भागवत भक्त परिवार द्वारा आयोजित श्री मद भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ एवं भव्य संगीतमय भागवत कथा का शुभारंभ 16 जनवरी से नालासोपारा पूर्व में राज माता नगर कपोल स्कूल के सामने मजीठिया पार्क नालासोपारा पूर्व में आयोजन किया गया है। गुरुवार को दोपहर लगभग 1.30 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें लगभग 500 से ज्यादा महिलाएं ने कलश लेकर कलश यात्रा में शामिल हुईं। जिसमें राधे राधे जय श्रीराम के नारों के साथ ही साथ इस यात्रा में भगवान की सुंदर झांकियां,मुख्य आकर्षण का केंद्र बना । यह कलश यात्रा आचोले तलाव से निकल कर चंदन नाका होते हुए गालानगर सर्कल,शंखेश्वर नगर होते हुए राजमाता नगर में




पहुंची। श्योग भक्त परिवार के हिंद सितारे दूबे,प्रवीण दुबे,आर आर सिंह (पत्रकार दैनिक सामना),कृष्ण कुमार पाण्डेय(रवि),विनय शुक्ला, विवेक सिंह, संजय मास्टर,अरविंद दूबे, सुरेश पाण्डेय,अजय दुबे, सुधाकर दुबे, रोहित सिंह,अरविंद सिंह, जितेंद्र तिवारी,सतीश सिंह ,जगदीश सिंह, राकेश सिंह,लक्ष्मी कांत तिवारी, राजकुमार दूबे,ओम प्रकाश मिश्रा,अरविंद ओझा, राकेश त्रिपाठी,अरविंद शुक्ला, मंगला प्रसाद यादव , जयवंत सावंत दादा,संजय मिश्रा, संजय तिवारी, अखिलेश तिवारी,राम हित यादव, मुरली ठाकुर, राजकिशोर शाहू,इत्यादि लोगो ने बताया कि प्रख्यात कथा वाचक पंडित विकास कृष्ण शास्त्री जी व्यासपीठ से कथा का अमृत रसापान करा रहे है । उन्होंने समाज के सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से भारी संख्या में कार्यक्रम में भाग लेकर इसे सफल बनाने की अपील किया है। यह कार्यक्रम 16 जनवरी से प्रारंभ होकर 22 जनवरी को महाप्रसाद का वितरण के साथ संपन्न होगा।

## दुनिया के सबसे बड़े अंतर्राष्ट्रीय मंदिर सम्मेलन और एक्सपो ने अपने दूसरे संस्करण की घोषणा की, जो फरवरी 2025 में तिरुपति में आयोजित किया जाएगा

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** अंतर्राष्ट्रीय मंदिर सम्मेलन और एक्सपो (आईटीसीएक्स ) अपने बहुप्रतीक्षित दूसरे संस्करण के साथ लौट रही है। 2023 के पहले संस्करण की जबरदस्त सफलता के बाद इस सम्मेलन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का समर्थन मिला। इस वर्ष, सम्मेलन और भी विशाल और व्यापक होने का वादा करता है, और यह सम्मेलन 17 से 19 फरवरी 2025 तक आंध्र प्रदेश के प्रतिष्ठित मंदिर शहर तिरुपति में होने वाला है। यह कार्यक्रम टेंपल कनेक्ट (इंडिया) द्वारा आयोजित किया गया है और आईटीसीएक्स दुनिया का पहला क्रांतिकारी मंच है जो विश्वभर में मंदिरों के समग्र प्रबंधन के लिए समर्पित है, जिसका उद्देश्य मंदिरों के प्रशासन, संचालन और मंदिर अर्थव्यवस्था में प्रगति को बढ़ावा देना है। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का नेतृत्व श्री गिरेश कुलकर्णी, टेंपल कनेक्ट के संस्थापक करेंगे, जबकि इसकी सह-नेतृत्व में प्रसाद लाड (आईटीसीएक्स 2025 के अध्यक्ष और महाराष्ट्र विधान परिषद के सदस्य) होंगे। यह सम्मेलन मंदिर पर्यटन और तीर्थयात्रा पारिस्थितिकी तंत्र को ऊपर उठाने में एक परिवर्तनकारी भूमिका निभाएगा, जिसे भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय का सम्मानित समर्थन प्राप्त है, जो अतुल्य भारत पहल के तहत है। पंजीकरण निःशुल्क है और वर्तमान में शुरू हुआ है - मंदिर प्रबंधक और प्रतिनिधि 31 जनवरी 2025 तक इस कार्यक्रम के लिए



पंजीकरण करा सकते हैं। प्रत्येक मंदिर से दो प्रतिनिधि बिना किसी पंजीकरण शुल्क के भाग ले सकते हैं, और उनके आवास का खर्च कार्यक्रम के तहत कवर किए जाएंगे। अतिरिक्त ट्रस्टी भी नाममात्र शुल्क पर शामिल हो सकते हैं और समिति में भाग लेकर गहरे दृष्टिकोण और संबंध प्राप्त कर सकते हैं।सम्मेलन में मंदिर प्रबंधन के महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिसमें मंदिर सुरक्षा, अत्याधुनिक सुरक्षा और निगरानी प्रोटोकॉल, रणनीतिक निधि प्रबंधन और व्यापक आपदा प्रबंधन शामिल हैं। यह सफाई और स्वच्छता मानकों, भोजन वितरण प्रबंधन (विशेष रूप से बड़े पैमाने पर भोजन सेवाओं) के साथ-साथ मंदिर और विश्वास तकनीकी क्षेत्र में 75 से अधिक उच्च-तकनीकी नवाचारों के एकीकरण पर भी चर्चा करेगा। इन महत्वपूर्ण मुद्दों के अलावा, आईटीसीएक्स भक्तों के पवित्र अनुभवों को समृद्ध करने और मंदिर पारिस्थितिकी तंत्र को समग्र रूप से मजबूत करने के लिए भीड़ और कतार प्रबंधन, टिकाऊ अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाओं और बुनियादी ढांचे के विकास पर गहन विचार विमर्श करेगा। तीन दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में, आईटीसीएक्स मंदिर प्रबंधन टीमों के बीच वैश्विक स्तर पर ज्ञान और मूल्यवान जानकारी का आदान-प्रदान करने के लिए एक गतिशील मंच तैयार करेगा, जिसमें हिंदू धर्म, जैन धर्म, सिख धर्म और बौद्ध धर्म के मंदिरों के प्रमुख, ट्रस्टी और प्रशासनिक अधिकारी एक ही छत के नीचे शामिल होंगे। सम्मेलन का एक प्रमुख आकर्षण इन धार्मिक संस्थानों द्वारा 58 देशों से केस स्टडी प्रदर्शनी (उरए) होगी, जो अमूल्य शिक्षा और विविध दृष्टिकोण प्रदान करेगी। यह विशेष कार्यक्रम सर्वोत्तम प्रथाओं को स्थापित करने और बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है, जबकि मंदिर प्रशासन के लिए एक स्थायी और भविष्य-निर्माण दृष्टिकोण को आकार देगा। यह युवा पीढ़ी, ब्रांड समाधान प्रदाताओं और नीति निमार्ताओं के लिए एक अद्वितीय अवसर भी प्रदान करता है, ताकि वे भक्तों के अनुभव को बेहतर बना सकें और मंदिर प्रबंधन में सकारात्मक परिवर्तन और नवाचार को प्रेरित करने के लिए कार्यात्मक विचार प्राप्त कर सकें।

## प्रदेश सचिव रेनू मल्लाह का मना जन्म दिन

**मीरा रोड (उत्तरशक्ति)।** मरा रोड भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा महाराष्ट्र प्रदेश सचिव रेनू एस मल्लाह ने अपना जन्म दिन अपनी मीरा रोड कार्यालय में मनाया। राजनीति के साथ साथ समाज सेवा में हमेशा बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने वाली भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा महाराष्ट्र प्रदेश सचिव रेनू एस मल्लाह ने अपने जन्म दिन को सादगी पूर्ण मनाने का फैसला किया उसके बाद भी सुबह से लेकर शाम तक लोगों द्वारा उन्हें बधाई देने वाले अपनों की लाइन लगी रही। जन्म दिन की बधाई देने पहुंचे वरिष्ठ समाज सेवक रत्नाकर मिश्रा ने कहा कि वह समय गया जब हिंदी भाषी महिलाएं चहर दीवार के अंदर बैठकर गृहस्थी का कार्य करती थी



उसको रेनू एस मल्लाह ने समाज सेवा एवं राजनीति में आकर एक मिशाल कायम किया है।

वरिष्ठ पत्रकार महेंद्र पाण्डेय ने बधाई देते हुए कहा कि अपने क्षेत्र में किसी के दुःख में पहुंचकर उसका निवारण करना अपना दायित्व समझती हैं। जन्म दिन की बधाई देने वालों में भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा मीरा भाईंदर जिलाध्यक्ष सुरेश सिंह, वरिष्ठ समाज सेवक रत्नाकर मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार महेंद्र पाण्डेय , भाजपा मोर्चा महामंत्री कमलेश दुबे, महाराष्ट्र प्रदेश बिहार प्रकोष्ठ सहसंयोजिका श्रीमती नीतू पूर्वे के साथ साथ भारी संख्या में लोगों ने उपस्थित रहकर जन्म दिन की बधाई दी।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालयः
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, विश्व समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

## चंद्रकला शर्मा डाक पत्र लेखन प्रतियोगिता में प्रथम



**वाराणसी(उत्तरशक्ति)।** भारतीय डाक विभाग संचार मंडल के अधीन मरुई, सिंधोरा बाजार वाराणसी डाक विभाग में कार्यरत पोस्ट मास्टर चंद्रकला बृजभूषण शर्मा पत्र लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाकर जनपद का नाम रोशन किया। चंद्रकला देवी वाराणसी डिवीजन में मेल बुकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर भदोही के ग्रीन वैलू पब्लिक स्कूल सभागृह में आयोजित समारोह में पत्र लेखन पुरस्कार से सम्मानित की गई। उक्त सम्मान प्रमाणपत्र पोस्टमास्टर जनरल वाराणसी कर्नल विनोद कुमार के हाथों दिया गया।डाक विभाग के इस प्रतियोगिता में अन्य पदाधिकारियों ने भी भाग लिया था। जिन्हें सम्मानित किया गया। चंद्रकला बृजभूषण शर्मा को उक्त सम्मान पाने पर भारतीय जनता पार्टी के भूपेंद्र सिंह,स्वतंत्र देव सिंह,दिलीप सिंह एवं हंसराज विश्वकर्मा,राष्ट्रीय कवि एवं पत्रकार विनय शर्मा दीप सहित तमाम शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं एवं बधाइयां देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया।

## बिद्युत कटौती से परेशान ग्रामीणों और किसानो में आक्रोश

**आजमगढ़ (उत्तरशक्ति)** । बिलरियागंज स्थानीय बिधुत उपकेन्द्र के ग्रामीण क्षेत्रो में बिद्युत कटौती से परेशान ग्रामीणों और किसानो में आक्रोश का माहौल है। जानकारी के अनुसार बिद्युत उपकेन्द्र बिलरियागंज के ग्रामीण क्षेत्र के उत्तरी फीडर पर आये दिन फाल्ट की समस्या बनी रहती है।जिससे दिन के बिधुत शिड्यूल के अनुसार ग्रामीणों को बिधुत की आपूर्ति नही मिल रही है। वही प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रो में 18 घण्टे और नगरी क्षेत्रो में 22 घण्टे बिधुत आपूर्ति की व्यवस्था की गई है। जबकि कर्मचारियों की लापरवाही से लोगो को परेशानी होती रहती है।

जहाँ किसानो की रवि की प्रमुख फसले गेहूँ , सरसों , चना आदि की सिंचाई करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जबकि इस कड़ाके की ठण्ड में किसानो को मजबूर होकर फसलो की सिंचाई रात में करनी पड़ रही है। जिससे किसानो को ठण्ड लगने की चिन्ता बनी हुई है। वही बिधुत बिभाग के जिम्मेदारानो के ढुल मूल रवैये के कारण क्षेत्रीय किसानो और ग्रामीणों में काफी आक्रोश बना हुआ है।

## कार ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत




**भदोही(उत्तरशक्ति)।** भदोही के गोपीगंज कोतवाली क्षेत्र के सोनखरी गांव के पास ज्ञानपुर रोड मार्ग पर कार की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं, उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। वह गोपीगंज अपने रिश्तेदार के यहां गया था। यहां से शाम को वापस लौट रहा था। ज्ञानपुर कोतवाली के घराव गांव निवासी सचिन (25) स्नातक का छात्र है। वह बुधवार को अपने दोस्त रवि मौर्या (22) के साथ बाइक से ही रिश्तेदार के यहां गोपीगंज आया हुआ था। देर शाम बाइक से ही घर लौट रहे थे। सोनाखरी के पास पहुंचा था कि एक कार चालक पास लेने के चक्कर में गलत लेन पर चला गया और बाइक में सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक चालक सचिन की मौके पर ही मौत हो गई। उसका दोस्त रवि गंभीर रूप से घायल हो गया। जिससे लोगों की मदद से गोपीगंज सीएचसी पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे कोतवाल संतोष राय ने पुलिसकर्मियों की मदद से शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दूसरी तरफ, सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। मृतक दो भाई में बड़ा था। बीए का छात्र बताया जा रहा है।

## नहर में मिली लापता युवक की लाश

**चंदौली(उत्तरशक्ति)।** सदर कोतवाली के मधुपुर गांव निवासी पप्पू (40) का शव बुधवार को नारायणपुर से निकली गंगा नहर में मिला। पप्पू दो दिन पहले घर से लापता हो गया था। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। शव मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। वह घर का इकलौता कमाऊ सदस्य था। दो बेटियों और एक बेटे के सिर से पिता का साया उठ गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के मधुपुर गांव निवासी पप्पू बीते 13 जनवरी को घर से अचानक लापता हो गया था। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला। बुधवार की सुबह ग्रामीणों ने देखा कि पप्पू का शव नहर में उतरा रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पत्नी जमीला और पुत्री नसीमा सैरून और जूही के साथ चार वर्षीय पुत्र साहिल पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। पप्पू ही परिवार का सहारा था। अब परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ी हो गई है। वहीं, सदर कोतवाली प्रभारी शरद चंद्र गुप्ता ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कार्रवाई की जाएगी।

## खड़ी ट्रक से टकराई कार, महाकुंभ जा रहे दो यात्री घायल

**भदोही(उत्तरशक्ति)।** गोपीगंज कोतवाली के लालानगर टोल के पास एक अनियंत्रित इनोवा ने कार में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों गाड़ियां टोल प्लाजा के बाद खड़ी ट्रक में जा टकराई। दुर्घटना में दो महाकुंभ यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को हाईवे पर खड़ी एबुलेंस के माध्यम से उपचार कराया गया। लालानगर टोल प्लाजा पर अवैध तरीके से खड़े वाहन और अतिक्रमण के कारण दुर्घटना का खतरा बना रहता है। गुरुवार को बलिया निवासी महाकुंभ यात्री राम वेंकटेश मिश्र (52) और सकूमलिक सोनवाली (42) अपने इनोवा से प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने जा रहे थे। बताया जा रहा है कि वे जैसे ही लालानगर टोल के पास पहुंचे। वहां उनकी इनोवा में अचानक यांत्रिक खराबी आ गयी और वह अनियंत्रित होकर आगे चल रही स्विफ्ट कार में टकरा गयी। टक्कर के बाद दोनों वाहन टोल प्लाजा के पास खड़ी ट्रक में टकरा गये। दुर्घटना में इनोवा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। आसपास के लोगों की मदद से एनएचआई के क्रेन से ट्रक में फंसे इनोवा को निकाला। दुर्घटना में राम वेंकटेश मिश्र और सकूमलिक सोनवाली बुरी तरह से घायल हो गये। हाईवे पर खड़ी एबुलेंस में उनका उपचार हुआ।

## खेत में सो रहे किसान की धारदार हथियार से हत्या

**रायबरेली (उत्तरशक्ति)।** यूपी के रायबरेली में बुधवार की रात खेत में सो रहे किसान की धारदार हथियार से वार करके हत्या कर दी गई। सुबह घरवालों को पता चला तो रोते बिलखते पहुंचे। जानकारी मिली तो लोगों की भीड़ लग गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर-के जानकारी जुटाई। घटना भदोखर थाना क्षेत्र के इकछनिया मजरे मोहम्मद शरीफ गांव की है। गांव निवासी कल्लू (60) खेती करके परिवार का पालन पोषण करता था। बुधवार की रात वह खाना खाने के बाद फसल की रखवाली के लिए खेत गया था। सुबह परिजन खेत पहुंचे तो कल्लू मृत अवस्था मिला। उसके सिर पर किसी धारदार हथियार से चोट करने के निशान थे। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना करके जानकारी जुटाई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस घटना की जांच कर रही है। एसओ दयानंद तिवारी ने बताया कि सिर में चोट के निशान मिले हैं। मुकदमा दर्ज किया गया है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। पत्नी शिवकली ने बताया कि दो बेटे व दो बेटी हैं। बड़ा लड़का सुरेंद्र सूरत में रहता है। जबकि दूसरा बेटा घर पर रहता है।

## अनियंत्रित कार रेलवे पटरी के गाटर से टकराई

**बहराइच (उत्तरशक्ति)।** बहराइच के नवाबगंज थाना क्षेत्र में रिश्तेदार के घर आयोजित कार्यक्रम से लौट रहे परिवार की कार अनियंत्रित होकर रेलवे पटरी निर्माण को रखे गाटर से टकरा गई। हादसे में कार सवार बुजुर्ग की मौत हो गई। वहीं 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती करवाया गया है। फखरपुर थाना क्षेत्र के एकघरवा निवासी मुनेश्वर प्रसाद मिश्रा (80) बुधवार को परिवार के साथ शीतलगांव गए थे। जहां से रात को कार से वापस आ रहे थे। इस दौरान शंकरपुर - मटेरा मार्ग पर मटेरा रेलवे स्टेशन के पास कार अनियंत्रित होकर पटरी निर्माण को रखे गाटर से टकरा गई। हादसा इतना जोरदार था कि कार पलट कर गाटर पर चढ़ गई। हादसे में कार सवार मुनेश्वर, चालक नफीस, रामेंद्र पाठक, मधु, मीना, अनीता, काजल और दो बच्चे लड्डू व विराट गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची मटेरा पुलिस ने सभी को इलाज के लिए मेडिकल कालेज बहराइच पहुंचाया।

## रिश्वत लेते लेखपाल गिरफ्तार, धरने पर बैठे कई लेखपाल

**गाजीपुर(उत्तरशक्ति)।** उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में मरदह थाना क्षेत्र से एंटी करप्शन टीम ने एक लेखपाल को 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। यह लेखपाल जमीन की पैमाइश के नाम पर रिश्वत मांग रहा था। पिपनार गांव निवासी चंद्रजीत यादव की शिकायत पर एंटी करप्शन टीम ने कार्रवाई करते हुए लेखपाल को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके बाद लेखपाल को निर्दोष साबित करने के लिए कई लेखपाल कोतवाली पहुंच गए और धरने पर बैठ गए और पुलिस प्रशासन एंटी करप्शन मुर्दाबाद के नारे लगाने लगे। लेखपाल का एंटी करप्शन टीम के द्वारा पकड़े जाते समय लाइव वीडियो भी सामने आया है।

पकड़े गए लेखपाल की पहचान श्याम सुंदर के रूप में हुई है। वह कासिमाबाद तहसील में तैनात है। पिपनार थाना मरदह निवासी चंद्रजीत यादव के अनुसार, उसके नाली और चकमार्ग की पैमाइश करने के नाम पर कासिमाबाद तहसील के लेखपाल श्याम सुंदर निवासी बेलसो द्वारा 5 हजार रुपये घूस की मांग की गई थी। जिसकी शिकायत उसने एंटी करप्शन वाराणसी आफिस में की थी। इसके बाद एंटीकरप्शन की टीम ने जांच पड़ताल की और लेखपाल को रंगे हाथों दबोचने के लिए जाल बिछाया। प्लान के मुताबिक, शिकायतकर्ता को 5 हजार रुपये में केमिकल लगाकर दे दिए। इस दौरान गुरुवार को ओम इंटरनेशन स्कूल के पास तिराहे के समीप लेखपाल श्याम सुंदर शिकायतकर्ता से 5 हजार रुपये की घूस लिया। जैसे ही लेखपाल ने घूस लिया वैसे ही पहले से छिपी एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथ दबोच लिया। टीम ने लेखपाल को अपने वाहन में बैठाया और सीधे शहर कोतवाली लेकर पहुंची। यहां एंटी करप्शन की ओर से कागजी कार्रवाई पूरी की गई।

लेखपाल श्याम सुंदर की गिरफ्तारी से लेखपाल व ग्रामीण भड़क गए और सैकड़ों की संख्या में कोतवाली पहुंच गए। उनका कहना था कि लेखपाल ने पैसे नहीं लिए। उसे फर्जी तरीके से फंसाया जा रहा है। लेखपाल कोतवाली में धरने पर बैठ गए हैं और थानाध्यक्ष और एंटी करप्शन टीम मुर्दाबाद के नारे लगाए। उनका कहना है कि उसने न तो किसी से घूस मांगी और न ही किसी ले घूस ली है। धरने पर बैठे लेखापाल अपने साथी को छुड़ाने की हर कोशिश कर रहे हैं।

## अयोध्या और काशी में श्रद्धालुओं का उमड़ा जन सैलाब



**महाकुंभ (उत्तरशक्ति)।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ के साथ-साथ देश और विदेश से यहां पहुंचे श्रद्धालु अब राज्य के अन्य धार्मिक स्थलों की ओर रुख कर रहे हैं। एक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान के मुताबिक, संगम में स्नान के बाद श्रद्धालु 13, 14 और 15 जनवरी को श्रृंगवेरपुर, चित्रकूट, वाराणसी, मां विंध्यवासिनी धाम, नैमिषारण्य व अयोध्या में दर्शन-करने पहुंचे। बयान में बताया गया कि अब तक तकरीबन सात करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने महाकुंभ में स्नान किया। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि अयोध्या में तीन दिन में तकरीबन 10 लाख, काशी विश्वनाथ मंदिर में 7.41 लाख, विंध्यवासिनी धाम में पांच लाख और नैमिषारण्य धाम सीतापुर में एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किये। सूत्रों के मुताबिक, इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के इन क्षेत्रों में पहुंचने से स्थानीय रोजगार को भी काफी बढ़ावा मिल रहा है। बयान के मुताबिक, काशी विश्वनाथ मंदिर में 13 जनवरी को 2.19 लाख, 14 जनवरी को 2.31 लाख और 15 जनवरी को 2.90 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किये। वहीं विंध्यवासिनी धाम में पांच लाख और नैमिषारण्य धाम में एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अयोध्या जिला प्रशासन दर्शनार्थियों के लिए सारी व्यवस्था उपलब्ध करा रहा है और तकरीबन 10 लाख से अधिक श्रद्धालु तीन दिन में यहां पहुंचे हैं। अयोध्या के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नैयर ने बताया कि अयोध्या धाम को पांच जोन और 12 सेक्टर में विभाजित कर दो पालियों में पुलिस बल को तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्य स्नान पर्व पर राजपत्रित अधिकारी-थाना प्रभारी की ड्यूटी अलग से लगायी जायेगी। अधिकारी ने बताया कि इसके अतिरिक्त पीएसी बल, बाढ़ राहत दल को भी तैनात किया गया है।

## द रेड वेलवेट होटल ने मनाया छठां वर्षगांठ, ग्राहकों को 25 प्रतिशत तक की छूट



**पटना(उत्तरशक्ति)।** अपनी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रसिद्ध आरपीएस मोड़ स्थित द रेड वेलवेट होटल ने राजधानी में अपने 6 वर्ष पूरे किए। इस अवसर पर होटल प्रबंधन ने केक काटकर होटल के छठीं वर्षगांठ को बड़े हीं धूमधाम से मनाया। इस मौके पर होटल के प्रबंध निदेशक रोहित कुमार ने प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें बहुत प्रसन्नता हो रही है कि द रेड वेलवेट होटल ने सफलतापूर्वक अपने छह वर्ष पूरे कर लिए। इन छह वर्षों में होटल ने अपने उत्कृष्ट सेवाओं से ग्राहकों के बीच अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में शुरू हुआ यह होटल आज टॉप फैमली व व्यावसायिक होटलों में गिना जा रहा है। इसके लिए मैं अपने टीम मेम्बर, कर्मचारियों व अपने अतिथियों का धन्यवाद करता हूं। अपने संबोधन में होटल के जनरल मैनेजर दीपक कुमार ने बताया कि यह होटल सभी आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण है जिसमें रेस्टुरेंट, 2 बैंकवेट हॉल, 1 बोर्ड रूम, जिम, स्पा तथा 28 आधुनिक सुसज्जित कमरे हैं। होटल के ऑपरेशन मैनेजर अविनाश कुमार ने कहा कि इस वर्षगांठ पर हम अपने ग्राहकों को रूम्स पर 25 प्रतिशत की विशेष छूट दे रहे हैं जो कि पूरे जनवरी माह तक वैध होगा। उन्होंने कहा कि हम अपने मेहमानों के बहुमूल्य सुझाव का स्वागत करते हैं और उन पर अमल करके उसे दूर करने की भरपूर कोशिश करते हैं। वहीं होटल के फूड एंड बेवरेज मैनेजर नीतीश कुमार ने बताया कि होटल ने समय - समय पर फूड फेस्टिवल आयोजित कर ग्राहकों को संतुष्ट करने की भरपूर कोशिश की है। हमारा उद्देश्य अतिथियों को बेहतर खाना और सुविधा उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर एचआर एवं एकाउंट मैनेजर विक्की कुमार, परचेज मैनेजर अनुरंजन कुमार, हाउसकीपिंग मैनेजर धर्मेंद्र कुमार, एग्जीक्यूटिव शेफ गुंजन कुमार, रेस्टोरेंट मैनेजर संजय जैन, फ्रंट ऑफिस मैनेजर अजय कुमार पाल, असिस्टेंट चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर गजेंद्र सिंह तथा होटल के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मुठभेड़ के बाद दो इनामी बदमाश गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

**मथुरा(उत्तरशक्ति)।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो इनामी बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि दोनों बदमाशों को पैर में गोली लगने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि दोनों बदमाश हत्या के प्रयास जैसे गंभीर मामलों में वांछित थे और उनके खिलाफ जिले के कई थानों में कुल एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। अधिकारी ने बताया कि बदमाशों के कब्जे से हथियार एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेष कुमार पाण्डेय ने बताया कि आरोपियों की पहचान धर्मेन्द्र उर्फ धर्मू और अरूण उर्फ अन्ना के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि घर्मेन्द्र सिद्धार्थ नगर का रहने वाला है जबकि अरूण किनारई गांव का रहने वाला है। अधिकारी ने बताया कि जानकारी मिली थी कि दोनों बदमाश मंगलवार रात को यमुना एक्सप्रेसवे से कहीं जाने वाले हैं, जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर रात करीब नौ बजे नगला फार्म गांव के रास्ते पर एक अंडरपास के निकट उन्हें धर दबोचा। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उन्हें रोकना चाहा तो बदमाशों ने गोली चला दी, जिसके जवाब में पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की और दोनों बदमाश गोली लगने से घायल हो गए। अधिकारी ने बताया कि दोनों बदमाशों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

## कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के चुनाव की तारीखों का एलान

**गाजीपुर (उत्तरशक्ति)।** कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के निर्वाचन की तारीखों का बुधवार को एलान हो गया। मतदान 29 जनवरी को 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक होगा। इसके बाद मतगणना और परिणाम की घोषणा की जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कैलाश सिंह यादव, सह निर्वाचन अधिकारी वीरेंद्र कुमार चौबे और सुरेंद्र नाथ सिंह बनाए गए हैं। उन्होंने बुधवार को अनंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया। इसके मुताबिक मतदाता सूची पर आपत्ति 16 जनवरी को दोपहर तीन बजे तक लेने का समय तय हुआ। जबकि अंतिम सूची का प्रकाशन 17 जनवरी को दोपहर बाद तीन बजे करने का निर्णय लिया गया है। इसी तरह नाम निर्देशन पत्रों की बिक्री 21 और 22 जनवरी को की जाएगी। जबकि नामांकन 23 और 24 की सुबह 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक करने का समय नियत किया गया। नाम निर्देशन पत्रों की जांच 25 और वापसी 27 जनवरी को होगी। इसके बाद इसी दिन प्रत्याशियों को प्रतीक आवंटन किया जाएगा। जबकि मतदान 29 जनवरी को 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक होगा।

## ए एन कॉलेज तथा राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना के बीच हुआ एमओयू



**पटना (उत्तरशक्ति)।** इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी के छात्रों को उनके क्षेत्र से संबंधित विभिन्न शार्ट टर्म एवं लॉन्ग टर्म कोर्सेज की सुविधाएं प्रदान करने तथा उनके कौशल विकास को शशक्त करने के उद्देश्य से गुरुवार को राजधानी के ए एन कॉलेज तथा राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना (एन आई ई एल आई टी) के बीच एमओयू का हस्तांतरण किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो प्रवीण कुमार तथा राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना के कार्यकारी निदेशक नितिन कुमार पुरी ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। एमओयू के पश्चात नितिन कुमार पुरी ने बताया कि इस एमओयू के हो जाने से अब ए एन कॉलेज के बच्चों को साइबर सेक्युरिटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग, आईओटी, रोबोटिक्स एवं डेटा साइंस जैसे विभिन्न शार्ट टर्म एवं लॉन्ग टर्म कोर्सेज की सुविधाएं मिल सकेंगी। इन कोर्सेज के माध्यम से छात्रों को रोजगार मिलने में सुगमता होगी साथ ही वह इन क्षेत्रों के विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा विस्तृत शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। वहीं प्राचार्य प्रवीण कुमार ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक तथा आईटी के छात्रों को अब उनके क्षेत्र के विभिन्न कोर्सेज के लिए इधर-उधर नही भटकना पड़ेगा, ये सारी शिक्षा उन्हें महाविद्यालय में ही मिल सकेंगीं। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के छात्रों को हम ये सारे कोर्सेज मुफ्त में राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के माध्यम से प्रदान करने जा रहे है। वहीं ए एन कॉलेज के कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मनीष कुमार ने कहा कि इस एमओयू के द्वारा हम अपने छात्रों के कौशल को और भी बेहतर तरीके से निखार सकेंगे। साथ ही राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना के सह निदेशक जितेंद्र कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के द्वारा ये सभी कोर्सेज ए एन कॉलेज में ही संचालित किए जाएंगे।

## घर में घुसकर मां बेटी की गला रेतकर हत्या

**लखनऊ (उत्तरशक्ति)।** राजधानी लखनऊ में मलिहाबाद के ईशापुर गांव में बुधवार देर रात प्रकाश की पत्नी गीता (26) और बेटी दीपिका (7) की घर में घुसकर गला रेतकर कर हत्या कर दी गई। हत्यारे पीछे के रास्ते घर में दाखिल हुए थे। हत्या के पीछे करीबियों की भूमिका पर शक जताया जा रहा है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या की एफआईआर दर्ज कर ली है। डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि गीता के दो बच्चे हैं। बुधवार को गीता की बहन खड़ौआं गांव निवासी सीमा उनके बेटे दीपांशू को साथ लेकर गई थीं। बृहस्पतिवार सुबह सीमा ने गीता को फोन किया। कई बार कॉल करने पर भी जब जवाब नहीं आया तो सीमा ने पिता दिलावर नगर निवासी सिद्धनाथ को जानकारी दी। इसके बाद सिद्धनाथ बेटी की खबर लेने पहुंचे। कई बार दरवाजे पर आवाज लगाई, लेकिन गीता ने कोई जवाब नहीं दिया। इस बीच सीमा भी वहां पहुंच गईं। पड़ोसी ने रहने वाली एक लड़की सीढ़ी लगाकर छत पर पहुंची और फिर दरवाजा खोला। सिद्धनाथ घर के भीतर दाखिल हुए तो बिस्तर पर कमरे में गीता और उनकी बेटी का खून से लथपथ शव पड़ा था। यह देखकर सिद्धनाथ की चीख निकल गई। इसके बाद मामले की सूचना मलिहाबाद पुलिस को दी गई।

गीता के पति प्रकाश 15 दिन पहले ही मुंबई गए हैं। वह लॉड्री का काम करते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि प्रकाश ज्यादातर मुंबई में ही रहते हैं। इसके कारण गीता का भी मायके में ज्यादा रहना होता है। पुलिस घटना के पीछे करीबियों की संलिप्तता की आशंका जता रही है। गला रेतने से पहले हत्यारे ने सोते समय मां बेटी के सिर पर किसी भारी हथियार से हमला किया था। इससे मां बेटी बेसुध हो गईं। इसके बाद हत्यारे ने दोनों को गला रेत दिया।

पुलिस टीम ने गीता का मोबाइल फोन जब्त कर लिया है। कॉल डिटेल के आधार पर छानबीन शुरू कर दी गई। फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। डाग स्क्वायड की टीम घटना स्थल से करीब क किलोमीटर दूर तक गई। पुलिस दिलावर नगर के कुछ लोगों को भी संदेह की नजर से देख रही है। सर्विलांस की मदद से ब्योरा जुटाया जा रहा है। डीसीपी का कहना है कि जल्द ही घटना का राजफाश कर दिया जाएगा।

## संस्कृत विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को किया गर्म कोट वितरित




**चिराना (उत्तरशक्ति)।** निकटवर्ती राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय पुरोहितों की ढाणी में भामाशाहों द्वारा कक्षा 1 से 12वीं तक के सभी विद्यार्थियों को ठंड के प्रकोप से बचाव हेतु गरम कोट एवं कैप वितरित किए गए।पाकर सभी के चेहरे खिल उठे।

शाला प्रधानाचार्य किशोरीलाल सिंघल ने भामाशाह रामलाल जांगिड़ धुडमल जोया, मंगेज कुमार जांगिड़, कैलाश चंद्र जांगिड़, शिक्षक श्रवण कुमार जांगिड़ शिक्षिका गायत्री रेगर का आभार व्यक्त किया।इन तमाम भामाशाहों ने कुल 133 विद्यार्थियों को गर्म ठिठुरती सर्दी में कोट तो वितरण किया ही, इस से पूर्व में भी इन्होंने शाला में कंप्यूटर फर्नीचर पंखे आदि संसाधन प्रदान कर विद्यालय के विकास में अपनी भागीदारी निभाई है।

आयोजित कार्यक्रम में महिपाल कल्याण, प्रदीप शर्मा, सरिता चौधरी पूर्व जिला परिषद सदस्य रामेश्वर कल्याण, चिरंजीलाल जांगिड़, जगदीश प्रसाद हवलदार, मनीष कुमार, मुकेश कुमार, जयप्रकाश गोवर्धन शर्मा, गंगाधर कल्याण, पूजा पारीक, मुकेश बसावा सहित विद्यालय स्टाफ व ग्रामवासी उपस्थित रहे कार्यक्रम का शानदार संचालन वरिष्ठ अध्यापक,संतोष कुमार कुमावत ने किया।

## डाबर च्यवनप्राश ने इस सर्दी में बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया

**पटना** । सर्दी का मौसम किसे अच्छा नहीं लगता लेकिन जब इस सर्दी में खांसी, जुकाम एवं श्वांस संबंधी बीमारियाँ हो जायें तो सर्दी का मजा फीका पड़ जाता है। आमतौर पर ये बीमारियाँ तापमान में होने वाले बड़े बदलाव एवं बदलते मौसम में किसी भी व्यक्ति के शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता के कम हो जाने के कारण होती हैं। ऐसे में हजारों वर्षों से प्रसिद्ध, लाखों- करोड़ों लोगों द्वारा सफलतापूर्वक आजमाया हुआ आयुर्वेदिक उत्पाद च्यवनप्रास काफी राहत देता है। डाबर च्यवनप्राश का सेवन न केवल हमारी रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर हमें इस सीजन में प्रायः होने वाली खांसी, जुकाम जैसी बीमारियों से बचाता है बल्कि हमारे शरीर के अनेक अंगों की क्रियाओं को अच्छा करता हुआ शरीर को बलशाली भी बनाता है। डाबर का प्रमुख हेल्थकेयर ब्रांड डाबर च्यवनप्राश ने आज देश भर में स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित बच्चों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से एक मेगा जागरूकता पहल की शुरूआत की घोषणा की। इस पहल के तहत, प्रमुख आयुर्वेद डॉक्टर डॉ विनोद कुमार उपाध्याय के साथ मिलकर डाबर च्यवनप्राश ने परिवर्तनशील मौसम, सामान्य बैक्टीरिया और वायरस से लड़ने के लिए एक मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली बनाने की आवश्यकता पर तीन सौ बच्चों को शिक्षित करने के लिए प्रतिरक्षा सत्र पटना के सेंट डोमिनिक सैवियो हाई स्कूल में एक विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र का उद्देश्य सर्दियों में बीमारी से लड़ने के लिए बच्चों के बीच जागरूकता पैदा करना था। बच्चों को बुनियादी स्वच्छता और पौष्टिक आहार के माध्यम से अपनी प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने के तरीकों में भी शिक्षित किया गया। डाबर इंडिया लिमिटेड के अमित गर्ग, मार्केटिंग हेड- हेल्थकेयर सप्लीमेंट्स, डाबर इंडिया लिमिटेड ने कहा डाबर च्यवनप्राश 100 से अधिक वर्षों से हर भारतीय को सबसे मजबूत प्रतिरक्षा प्राप्त करने में मदद के लिए प्रतिबद्ध है। यह पहल इस प्रतिबद्धता की दिशा में एक छलांग है। हम शीत लहर के बारे में चिंतित हैं जो हर साल कई जान ले लेती है। इस पहल के माध्यम से, हम इन बच्चों को च्यवनप्राश प्रदान करने के अलावा प्रतिरक्षा के महत्व को उजागर करके वंचित बच्चों को सुरक्षा प्रदान करने का प्रयास करेंगे।

## सीएचसी संचालक लापता पोखरे के किनारे मिली बाइक

**बस्ती (उत्तरशक्ति)।** मुंडेरवा क्षेत्र के ओड़वारा में सहज जनसेवा केंद्र चलाने वाला युवक मंगलवार की रात से रहस्यमय तरीके से लापता है। उसकी बाइक और बैग फोरलेन के किनारे स्थित पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में सबदेइया कला के पोखरे के पास मिलने से रहस्य और भी गहरा गया।

पुरानी बस्ती थाने की टीम मौके पर पहुंची और पोखरे में युवक की तलाश कराई गई। मगर, उसका पता नहीं चल पाया। मुंडेरवा थाना क्षेत्र के उदयपुर निवासी राज कुमार (32) के चचेरे भाई बृजेश कुमार ने बताया कि राज कुमार ओड़वारा बाजार में सहज जनसेवा केंद्र चलाता है। वह मंगलवार की शाम को किसी काम से बस्ती गया था। वहां एक सोसाइटी की बैठक में हिस्सा लेने के बाद कुटियाज ढाबे पर खाना खाया। इससे पहले फोन कर उसने घर पर बताया था कि ढाबे पर खाना कर हाईवे के रास्ते बाइक से घर लौटेगा। देर रात उसके आगरा में रहने वाले एक दोस्त का फोन आया कि उसका फोन स्वीच ऑफ आ रहा है। इसके बाद परिवार के लोग खोजने लगे। बृजेश के अनुसार, वह लोग खोराखार तिराहे तक आने के बाद वापस लौटकर टॉर्च जलाकर सड़क के किनारे देखते हुए जा रहे थे। सबदेइया कला गांव के पास सड़क से करीब दो मीटर की दूरी पर एक बाइक गिरी हुई दिखाई दी। लौटकर देखा तो राज कुमार का बैग भी वहीं पर गिरा हुआ था। सीओ सिटी सत्येंद्र भूषण त्रिपाठी ने बताया कि पोखरे और आसपास तलाश की जा रही है। साथ ही, लापता होने के अन्य कारणों की भी पुलिस छानबीन कर रही है।






# घाटकोपर में भव्य संगीतमय श्री राम कथा की अमृत वर्षा




मुंबई। जय श्री स्वामी समर्थ मित्र मंडल द्वारा आयोजित श्री राम कथा विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी जय भारत मैदान गाँवदेवी घटकोपर पश्चिम मुंबई में अयोध्या धाम से पधारे अंतर राष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य भरत शास्त्री जी महाराज ₹महंथ₹ के मुखार बिंदु द्वारा भव्य संगीतमय श्री राम कथा की अमृत वर्षा हो रही है.प्रति दिन सायं 6 बजे से कथा प्रारंभ होती है. और 19 जनवरी को पूणाहुति हवन, महाप्रसाद भंडारे का भी आयोजन किया गया है, मयादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीरामचंद्र के लीला का वर्णन सुन कर श्रोता गण भाव विभोर हो रहे है और कथा में प्रतिदिन झाँकी दशार्या जाता है इसी कड़ी में गुरुवार को श्रीराम जानकी विवाह महोत्सव झाँकी दिखाया गया कार्यक्रम में अध्यक्ष पंकज सिंह (ठाकुर), सचिव मुरलीधर यादव, कोषाध्यक्ष रंजीत पांडेय,और सुनील उपाध्याय, राधे मोहन यादव,राजेश सिंह, घनश्याम मिश्रा, राजेश देवतवाल, रमेश शाहु, संतोष सिंह, पारशनाथ सिंह, निगम सिंह, दलजीत पांडेय, कैलाश सिंह, राजकुमार यादव, चंदु शर्मा सहित अन्य भक्तगण आयोजन को सफल बनाने में लगे हुए है.

# गाँवदेवी में संगीतमय श्री राम कथा की अमृत वर्षा

मुंबई। जय श्री स्वामी समर्थ मित्र मंडल द्वारा आयोजित श्री राम कथा विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी जय भारत मैदान गाँवदेवी घटकोपर पश्चिम मुंबई में अयोध्या धाम से पधारे अंतर राष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य भरत शास्त्री जी महाराज ₹महंथ₹ के मुखार बिंदु द्वारा भव्य संगीतमय श्री राम कथा की अमृत वर्षा हो रही है.प्रति दिन सायं 6 बजे से कथा प्रारंभ होती है. और 19 जनवरी को पूणाहुति हवन, महाप्रसाद भंडारे का भी आयोजन किया गया है, मयादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीरामचंद्र के लीला का वर्णन सुन कर श्रोता गण भाव विभोर हो रहे है और कथा में प्रतिदिन झाँकी दशार्या जाता है इसी कड़ी में गुरुवार को श्रीराम जानकी विवाह महोत्सव झाँकी दिखाया गया कार्यक्रम में अध्यक्ष पंकज सिंह (ठाकुर), सचिव मुरलीधर यादव, कोषाध्यक्ष रंजीत पांडेय,और सुनील उपाध्याय, राधे मोहन यादव,राजेश सिंह, घनश्याम मिश्रा, राजेश देवतवाल, रमेश शाहु, संतोष सिंह, पारशनाथ सिंह, निगम सिंह, दलजीत पांडेय, कैलाश सिंह, राजकुमार यादव, चंदु शर्मा सहित अन्य भक्तगण आयोजन को सफल बनाने में लगे हुए है.

# एचएमएसआई ने लॉन्च की नई सीबी650आर और सीबीआर 650आर

पटना। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने अपनी प्रीमियम मोटरसाइकिल रेंज में दो नए मॉडल नई सीबी650आर और सीबीआर650आर लॉन्च किए हैं। ये दोनों बाइक स्टाइल और परफॉर्मेंस का बेहतरीन मिश्रण पेश करते हुए मोटरसाइकिल प्रेमियों की अलग-अलग जरूरतों को पूरा करेंगी। ग्राहक अब इन नई बाइक्स को अपने नजदीकी बिगविंग डीलरशिप पर बुक कर सकते हैं। इनकी डिलीवरी फरवरी 2025 से शुरू होगी। होंडा के ये नए मॉडल निश्चित रूप से प्रीमियम बाइकिंग के क्षेत्र में एक नया बेंचमार्क स्थापित करेंगे। इस लॉन्च पर एचएमएसआई के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, ह्ल्हमें भारत में सीबी650आर और सीबीआर650आर के नए एडिशन लॉन्च करने की खुशी है। भारत में प्रीमियम मोटरसाइकिल सेगमेंट तेजी से बढ़ रहा है, और हाई परफॉर्मेंस वाली, एडवांस्ड टेक्नोलॉजी से लैस बाइक्स की मांग बढ़ रही है। एचएमएसआई में हम ग्राहकों की इन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए विश्व स्तरीय प्रोडक्ट्स लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस लॉन्च पर अपनी बात रखते हुए, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) के सेल्स और मार्केटिंग डायरेक्टर योगेश माथुर ने कहा, ₹सीबी650आर और सीबीआर650आर को लॉन्च करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। ये मोटरसाइकिलें उन प्रीमियम ग्राहकों के लिए बनाई गई हैं, जो बेहतरीन परफॉर्मेंस, एडवांस्ड तकनीक और स्टाइलिश डिजाइन को प्राथमिकता देते हैं।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा कम्बल वितरण का आयोजन, नर से ही नारायण सेवा: पं. राजेंद्र नाथ




टांडा, बड़हलगंज (उत्तरशक्ति)। क्षेत्र के टांडा में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा.के राष्ट्रीय अध्यक्ष यूपी रत्न पं. राजेन्द्र नाथ त्रिपाठी द्वारा निज आवास पर कंबल वितरण का आयोजन किया गया जहां उन्होंने बताया कि विधवा, विकलांग निराश्रित, गरीब जनों में ईश्वर की कृपा से कम्बल वितरित किया गया इस मौके पर संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष समाजसेवी मुकेश दुबे, मंडल संयोजक संजय दुबे, जिला अध्यक्ष मऊ अतुल राय, गोरखपुर मीडिया प्रभारी हर्ष मिश्रा, मानव सेवा प्रकल्प के प्रदेश अध्यक्ष रितेश शाही, प्रदेश संरक्षक संजय अग्रवाल, देवरिया जिला प्रभारी नितेश तिवारी, प्रदेश सचिव मदन मोहन तिवारी, मंडल अध्यक्ष ब्रह्मचारी दुबे सहित संगठन के तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# आप गंगा का ध्यान नहीं रखते तो आप भारत का भी नहीं रखते ध्यान

महाकुंभ नगर। विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु, सद्गुरु जग्गी वासुदेव ने महाकुंभ के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए गंगा की महिमा, उसकी वैज्ञानिक विशेषताएं और आध्यात्मिक ऊर्जा पर गहन चर्चा की। गंगा के किनारे अपने आध्यात्मिक और वैज्ञानिक संबोधन में उन्होंने बताया कि यह महाकुंभ विशेष है क्योंकि यह 144 वर्षों में एक बार होने वाली खगोलीय घटना के अंतर्गत आयोजित हो रहा है। गंगा का महत्व समझाते हुए कहा कि गंगा केवल एक नदी नहीं, यह भारत की आत्मा है। यदि आप गंगा का ध्यान नहीं रखते, तो आप भारत का ध्यान नहीं रखते। झूंसी स्थित हिमालयन इंस्टीट्यूट में ठहरे सद्गुरु गुरुवार की शाम गंगा के किनारे श्रद्धालुओं के बीच पहुंचे। गंगा के किनारे सतगुरु ने जब महाकुंभ की व्याख्या शुरू की तो सब उनको सुनने को आतुर हो गए। कहा- महाकुंभ के दौरान एक महत्वपूर्ण खगोलीय संयोग बन रहा है, जिसमें सात प्रमुख ग्रहों सूर्य, चंद्रमा, बृहस्पति, मंगल आदि का प्रभाव पृथ्वी पर अधिक गहराई से पड़ रहा है। विशेष रूप से बृहस्पति, जो पृथ्वी से 11 गुना बड़ा है, अपनी गुरुत्वाकर्षण शक्ति से जल प्रवाह और पर्यावरण को प्रभावित करता है। उन्होंने समझाया कि यह खगोलीय घटना केवल आध्यात्मिक नहीं बल्कि वैज्ञानिक रूप से भी महत्वपूर्ण है। यह संयोग जल की प्राकृतिक संरचना, नदियों के प्रवाह और वातावरण की ऊर्जा को प्रभावित करता है। गंगा जल की अनूठी विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 1896 में ब्रिटिश जीवाणु वैज्ञानिकों द्वारा किए गए शोध में यह सिद्ध हुआ कि गंगा जल में बैक्टीरियोफेज होता है, जो हानिकारक बैक्टीरिया और विषाणुओं को नष्ट कर देता है। इसी कारण गंगा का जल कभी सड़ता नहीं और लंबे समय तक शुद्ध बना रहता है। उन्होंने ऐतिहासिक उदाहरण देते हुए बताया कि मुगल सम्राट अकबर जब लंबे युद्ध अभियानों पर जाता था, तो केवल गंगा जल साथ ले जाता था, क्योंकि यह कभी खराब नहीं होता था और सैनिकों को बीमारियों से बचाए रखता था। प्राचीन काल में भी समुद्री यात्राओं के दौरान लोग 90 से 100 दिनों तक गंगा जल लेकर चलते थे, ताकि वे स्वस्थ

# सकट चौथ : धन-धान्य से भरेगा घर, दूर होंगे संकट, मिलेगा विघ्नहर्ता का आशीर्वाद



उदयातिथि के अनुसार, इस बार सकट चौथ का व्रत 17 जनवरी को रखा जाएगा। सकट चौथ की चतुर्थी तिथि शुक्रवार की सुबह 4 बजकर 06 मिनट पर शुरू होगी, जबकि तिथि का समापन 18 जनवरी को सुबह 8 बजकर 30 मिनट पर होगा। सकट चौथ के पूजन के लिए पहला मुहूर्त सुबह 5 बजकर 27 मिनट से 6 बजकर 21 मिनट तक रहेगा और दूसरा मुहूर्त सुबह 8 बजकर 34 मिनट से 9 बजकर 53 मिनट तक है

सुरेश गांधी

वाराणसी. जिस प्रकार हर महीने की एकादशी तिथि भगवान विष्णु को समर्पित होती है, ठीक उसी प्रकार हर माह की चतुर्थी तिथि भगवान गणेश के लिए समर्पित मानी जाती है. हर माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को संकष्टी चतुर्थी कहा जाता है. वहीं, हर माह शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को विनायक चतुर्थी कहते हैं. हर साल माघ माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को सकट चौथ का व्रत रखा जाता है. माघ मास की चतुर्थी तिथि को सकट चौथ, संकष्टी चतुर्थी, वक्रकुंडी चतुर्थी, तिलकुटा चौथ, तिल चतुर्थी, माघी चतुर्थी के नाम से भी जाना जाता है. माघ महीने में पड़ने वाली संकष्टी चतुर्थी की महिमा सबसे ज्यादा है. इस दिन भगवान गणेश, चन्द्र देव और माता सकट की उपासना की जाती है।

कहते है जो माताएं सकट चौथ के दिन निर्जला व्रत रखती हैं और पूरी श्रद्धा से गणेश भगवान की पूजा करती हैं, उनकी संतान हमेशा निरोग रहती है. उसके जीवन के संकट टल जाते हैं. साथ ही संतान की प्राप्ति होती है और संतान संबंधी समस्याएं भी दूर होती हैं. यह व्रत महिलाओं के लिए बेहद खास होता है. यह व्रत माताएं अपनी संतान की लंबी उम्र और सुखी जीवन की कामना के लिए रखती हैं. इस दिन महिलाएं श्रीगणेश की पूजा - आराधना करती हैं और व्रत रखती हैं. वैदिक पंचांग के अनुसार, माघ माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि 16 जनवरी को सुबह 4:09 मिनट पर होगी. वहीं, इस चतुर्थी का समापन 17 जनवरी को सुबह 5:33 मिनट पर होगा. ऐसे में उदयातिथि के अनुसार, सकट चौथ का व्रत 17 जनवरी 2025 को रखा जएगा. मान्यता है कि सकट चौथ का व्रत महिलाएं अपनी संतान की लंबी उम्र और खुशहाल जीवन की कामना के लिए रखती हैं. सकट चौथ का व्रत रखने के बाद दिन में भगवान गणेश जी की पूजा-अर्चना की जाती है और शाम में चंद्रमा के दर्शन करने के बाद ही सकट चौथ का व्रत खोला जाता है. ऐसे में 17 जनवरी को चंद्रोदय समय रात को 9:09 मिनट पर होगा. सनातन के अनुसार, सकट चौथ व्रत को पूर्ण श्रद्धा से रखने से भगवान गणेश प्रसन्न होते हैं और जीवन में सभी तरह के सुखों की प्राप्ति होती है. सकट चौथ के दिन पूजा के दौरान व्रत कथा का पाठ जरूर करना चाहिए. ऐसा करने से संतान को लंबी आयु का आशीर्वाद मिलता है. सकट चौथ का व्रत करने से बच्चों के जीवन में आ रही सभी परेशानियां दूर हो जाती हैं. ऐसी मान्यता है कि इस दिन चंद्र देव को जल अर्घ्य देने से संतान को किसी भी बीमारी का सामना नहीं करना पड़ता और सौभाग्य की प्राप्ति होती है.

शुभ मुहूर्त

माघ कृष्ण चतुर्थी तिथि का प्रारंभ : 17 जनवरी, सुबह 04:06 बजे से

माघ कृष्ण चतुर्थी तिथि का समापन : 18 जनवरी, सुबह 05:30 बजे पर

अभिजीत मुहूर्त : 12:10 पीएम से 12:52 पीएम

सौभाग्य योग : प्रातःकाल से लेकर देर रात 12:57 तक

शोभन योग : देर रात 12:57 बजे से अगली सुबह तक

चांद निकलने का समय : रात 09:09 बजे

इसमें एक कथा शिव पुराण की है, जिसमें भगवान कार्तिकेय और गणेश जी के बीच पृथ्वी की परिक्रमा करने वाली है. जिसमें गणेश जी भगवान शिव और माता पार्वती की परिक्रमा करके यह प्रतियोगिता जीत जाते हैं, जबकि उनके बड़े भाई पृथ्वी का चक्कर लगाकर आते हैं, फिर भी वे हार जाते हैं क्योंकि गणेश जी अपनी बुद्धि से साबित करते हैं कि पृथ्वी से बड़े तो माता पिता हैं, जिनके चरणों में सभी लोक वास करते हैं. इस पर शिवजी गणेश जी को प्रथम पूज्य होने का आशीर्वाद देते हैं और वरदान देते हैं कि जो भी व्यक्ति चौथ व्रत रखकर गणेश पूजन करेगा और चंद्रमा को अर्घ्य देगा, उसे सुख, समृद्धि, पुत्र, धन आदि प्राप्त होगा. उसके संकट मिट जाएंगे.

# श्रीलंकाई आरोपी को गिरफ्तार करने में काशीगॉव थाने को मिली सफलता



मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति)। काशीगॉव थाने की अपराध जांच टीम ने हत्या जैसे गंभीर अपराध में जमानत पर छूटकर भारत में शरण लेने भागे श्रीलंकाई आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल पुलिस उपायुक्त परिक्षेत्र 01 मीरा रोड (जे.नं. रीडर/टीई-1/ऑल आउट कॉबिंग ऑपरेशन /77/2025 दिनांक 06 जनवरी 2025 को थाना सीमा के अंतर्गत 13 जनवरी 2025 को 18.00 बजे से 23 बजे तक ऑल आउट कॉबिंग 00 बजे तक ऑपरेशन चलाया गया। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश तोगरवाड के मार्गदर्शन में अपराध जांच शाखा अधिकारी पौनि/अभिजीत लांडे, किरण बागदाने, पु.ओ.हवा/08001 प्रताप पाचुंडे, पोशी/14053 नामदेव देवकट्टे पोशी/16090 उमंग चौधरी, पु.ओ. शि/12093 सुनील ठाकुर वांछित एवं फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी, हिस्ट्रीशीटरों पर नजर रखने तथा कॉम्बिंग ऑपरेशन के तहत थाना सीमा के अंतर्गत होटल एवं लॉज का निरीक्षण करते हुए, 21.45 बजे वेस्टर्न होटल/लॉजिंग, काशीगांव, मीरा रोड पी.ओ . एच जिला. ठाणे में होटल में आए ग्राहकों के रजिस्टर की जांच करते समय, ड्यूटी पर मौजूद लॉजिंग मैनेजर अल्ताफ शेख ने पौनी/लैंड को बताया कि उनके ग्राहकों में दिनेश कुमार को संदिग्ध पाया गया। उन्होंने होटल प्रबंधक को दिनेश कुमार के कमरे की जांच करने के लिए कहा और प्रबंधक के साथ कमरा नंबर 306 में गए जहां वह ठहरे थे, वहां जाकर उन्होंने एक दिनेश कुमार अय्यर के बारे में पूछताछ की, जो उन्हें अपने हाव-भाव के बारे में संदिग्ध बताते हुए अपना मूल निवास पता नहीं बता सका भाषण के दौरान जब उनसे आगे सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि वह श्रीलंका के नागरिक हैं। उसे विश्वास में लेकर जब उसका मूल नाम-पता पूछा गया तो उसने अपना नाम अरुमहद्दी जेनिथ मदुसंघ डिसिल्वा, उम्र 36 वर्ष, निवासी बताया। एन 06, टेंपल रोड, तेलवाथा, देश श्रीलंका से जब उससे उक्त स्थान पर आने का कारण और सरकारी अनुमति, पासपोर्ट वीजा के बारे में पूछा गया तो उसने कहा कि उसके पास भारत में प्रवेश करने की कोई अनुमति नहीं है, पासपोर्ट और वीजा है वह भारत में प्रवेश कर चुका था, वह भारतीय तटरक्षक बल की नजरों से बचते हुए 31.12.2024 को समुद्र के रास्ते एक नाव में भारत के तमिलनाडु राज्य में प्रवेश कर गया। उन्होंने कहा कि वह तमिलनाडु राज्य से बस और ट्रेन द्वारा मुंबई, ठाणे आए और जब उनसे भारत आने के उद्देश्य के बारे में पूछताछ की गई तो उन्होंने 2015 में एक स्थानीय गिरोह विवाद के कारण श्रीलंका में हत्या का अपराध किया और इस अपराध में श्रीलंका की अदालत ने दिसंबर 2024 में उन्हें जमानत दे दी। उन्होंने कहा है कि श्रीलंका की जेल से जमानत पर रिहा होने के बाद वह शरण के लिए भारत आए थे। बहरहाल, विदेशी नागरिक को हिरासत में लेने के बाद काशीगांव पुलिस स्टेशन जी.आर गिरफ्तार आरोपी फिलहाल पुलिस हिरासत में है, और उसे भारत में प्रवेश करने में किसने मदद की और उसके पास मौजूद आधार कार्ड और मोबाइल सिम कार्ड किसने दिया, इसकी जांच काशीगांव पुलिस स्टेशन के आतंकवाद विरोधी सेल के पुलिस उप-निरीक्षक सचिन शेंडगे द्वारा की जा रही है। .

श्रीमान का मार्गदर्शन प्रकाश गायकवाड़, पुलिस उपायुक्त सर्कल 01, डॉ. विजय मराठे, सहायक पुलिस आयुक्त, मीरा रोड डिवीजन, महेश तोगरवाड, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक, काशीगांव पुलिस स्टेशन, किरण बागदाने, अभिजीत लांडे, पुलिस उप निरीक्षक, अपराध जांच शाखा और अपराध जांच शाखा अधिकारी पो. हवा/प्रताप पंचुडे, पो. शि विक्रांत खंडारे, पी.एस. उमंग चौधरी, पीओ शि. किरण विरकर, पी.एस. रवीन्द्र सोनवणे, पी.एस. नामदेव देवकाते, पी.एस. अभिषेक माधवी, पी.एस. सुनील ठाकुर द्वारा किया गया।

# सामाजसेवा कर राजस्थानी मंडल ने मनाया मकर संक्रांति

मुंबई। राजस्थानी मंडल, गोकुलधाम यशोधाम द्वारा मकर संक्रान्ति के अवसर पर 1250 व्यक्तियों को शुद्ध देशी घी का बना भोजन एवं 1000 व्यक्तियों को ऊनी कम्बल, खाद्यान्न सामग्री, जीवनोपयोगी वस्तुओं का वितरण किया गया। इस अवसर पर राज दीदी, डॉ.अनील काशीप्रसाद मुरारका, , नगरसेविका प्रिति साटम, श्यामसुंदर पंसारी , परमेश्वर तुलस्यान, रमेश मोदी, प्रदीप पंसारी, उमेश मोदी, दिनेश मोदी,राजेश मोदी, डॉ.सुमिता मोदी, डॉ. प्रमेन्द्र गोयल , कृष्ण कुमार झुनझुनवाला, दीनबंधु जालान, सुशील पोद्दार, श्रीराम शर्मा , आत्माराम पोदार , रमेश गोयल , अरूण, प्रमोद सांगानेरिया, अनिल जसरापुरिया, रवि खेतान , पवन चौधरी, रघुनन्दन भौमिया , अनिल ढ़ेडिया, सुनिल टिबड़ेवाल , श्रीराम शर्मा , रघुनन्दन तुलस्यान एवं समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों की उपस्थिति रही। अबकी बार महिला मंडल , नारायण रेकी सत्संग परिवार की बहनों एवं युवा वर्ग ने विशेष रूप से सेवा कार्य में सहयोग दिया । संस्थापक राजेन्द्र कुमार तुलस्यान ने आगन्तुकों का मकर संक्रान्ति की शुभकामनाओ के साथ स्वागत किया तथा सभी सहयोगीयों एवं गोयनका एज्युकेशन ट्रस्ट के समस्त ट्रस्टीगण का आभार व्यक्त किया।

# गाँवदेवी में संगीतमय श्री राम कथा की अमृत वर्षा

मुंबई। जय श्री स्वामी समर्थ मित्र मंडल द्वारा आयोजित श्री राम कथा विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी जय भारत मैदान गाँवदेवी घटकोपर पश्चिम मुंबई में अयोध्या धाम से पधारे अंतर राष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य भरत शास्त्री जी महाराज ₹महंथ₹ के मुखार बिंदु द्वारा भव्य संगीतमय श्री राम कथा की अमृत वर्षा हो रही है.प्रति दिन सायं 6 बजे से कथा प्रारंभ होती है. और 19 जनवरी को पूणाहुति हवन, महाप्रसाद भंडारे का भी आयोजन किया गया है, मयादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीरामचंद्र के लीला का वर्णन सुन कर श्रोता गण भाव विभोर हो रहे है और कथा में प्रतिदिन झाँकी दशार्या जाता है इसी कड़ी में गुरुवार को श्रीराम जानकी विवाह महोत्सव झाँकी दिखाया गया कार्यक्रम में अध्यक्ष पंकज सिंह (ठाकुर), सचिव मुरलीधर यादव, कोषाध्यक्ष रंजीत पांडेय,और सुनील उपाध्याय, राधे मोहन यादव,राजेश सिंह, घनश्याम मिश्रा, राजेश देवतवाल, रमेश शाहु, संतोष सिंह, पारशनाथ सिंह, निगम सिंह, दलजीत पांडेय, कैलाश सिंह, राजकुमार यादव, चंदु शर्मा सहित अन्य भक्तगण आयोजन को सफल बनाने में लगे हुए है.

# नेतन्याहू को युद्धविराम मंजूर नहीं! सीजफायर समझौते पर सहमति के बाद भी गाजा में मारे गए 72 लोग



यरुशलम। गाजा युद्ध को लेकर इजरायल सरकार और हमास के बीच हुए युद्धविराम समझौते की घोषणा के कुछ घंटे बाद ही उसे लेकर गतिरोध पैदा हो गया है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि समझौते को लेकर अंतिम समय में संकट पैदा हो गया। इस बीच गाजा में इजरायल के ताजा हवाई हमलों में 72 लोग मारे गए हैं और करीब 200 घायल हुए हैं।

बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और कतर सरकार द्वारा गाजा में युद्ध विराम की घोषणा के बाद ही नेतन्याहू ने संकेत दिए थे कि समझौते को लेकर कुछ आपत्तियां हैं। विदित हो कि अमेरिका और कतर समझौते के लिए दोनों पक्षों में मध्यस्थता कर रहे थे।

नेतन्याहू के बयान के इतर समझौते को लेकर यह वास्तविकता भी है कि 15 महीने से चल रही लड़ाई के रुकने का गाजा की फलस्तीनी आबादी, इजरायली बंधकों के रिश्तेदारों और विश्व भर के नेताओं ने स्वागत किया है। समझौते के अनुसार हमास की कैद वाले 98 बंधकों में से 33 की रिहाई छह सप्ताहों में होनी है।

नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा है कि समझौते की स्वीकृति के लिए इजरायल सरकार के मंत्रिमंडल की बैठक अभी नहीं हुई है। जबकि हमास के वरिष्ठ नेता इज्जत अल-रिशाक ने कहा है कि वह मध्यस्थों द्वारा घोषित युद्धविराम को मानने के लिए संकल्पबद्ध है। विदित हो कि सात अक्टूबर, 2023 को इजरायली शहरों पर हमास के हमले में 1,200 लोग मारे गए थे।

हमास और सहयोगी संगठनों के लड़ाकों ने इजरायल से 250 लोगों को अगवा भी किया था जिनमें से 98 लोग अभी हमास की कैद में हैं। इसके जवाब में इजरायल ने सात अक्टूबर को ही गाजा पर हमला कर दिया था जिसमें अभी तक 46 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं और 23 लाख की आबादी वाली गाजा पट्टी में 90 प्रतिशत लोग बेघर हो चुके हैं।

नेतन्याहू सरकार पर बंधकों की रिहाई को लेकर देश में भारी दबाव है। बीते 15 महीनों से बंधकों की रिहाई के लिए उनके रिश्तेदार और समर्थक आंदोलन चला रहे हैं। लेकिन नवंबर 2023 में हुए अस्थायी युद्धविराम के दौरान बंधकों के बदले हत्या के दोषी फलस्तीनियों को जेल से रिहा करने के नेतन्याहू सरकार के फैसले पर सवाल उठे थे। इस बार सरकार में शामिल अति दक्षिणपंथी दल गाजा में हमास की प्रभावी उपस्थिति के बावजूद युद्ध रोकने वाले समझौते के प्रारूप पर सवाल उठा रहे हैं। वे किसी भी स्थिति में स्थायी युद्धविराम के लिए तैयार नहीं हैं। बाइडन सरकार के दबाव में समझौता होने पर ये दक्षिणपंथी दल इजरायल में नेतन्याहू सरकार गिरा भी सकते हैं।

# पांच बच्चों के पिता ने 19 साल की युवती की हत्या कर खुद को मारी गोली

आगरा। खेरागढ़ के गांव बंडपुरा में गुरुवार शाम को किसान ने लाइसेंसी पिस्टल से युवती के परिजनों के सामने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद खुद की कनपटी में भी गोली मार ली। परिजन उसे अस्पताल लेकर गए, वहां मृत घोषित कर दिया। मामला प्रेम प्रसंग बताया गया है। घटना गुरुवार शाम चार बजे की है। नगला कमाल खेरागढ़ का रहने वाला विनय परमाार गांव बंडपुरा के अमर सिंह के साथ 10 वर्ष से मिर्च की खेती कर रहा था। अमर सिंह का खेत के बराबर में ही घर होने के चलते विनय का उनके यहां आना-जाना था। दोपहर 12 बजे विनय खेत पर बनी झोपड़ी में पहुंचा। वहां करीब देर तक बैठने के बाद वह अमर सिंह के घर की ओर गया। उनकी पत्नी सुआ देवी और परिवार के लोगों से विवाद करने लगा। सुआ देवी ने उसे वहां से जाने को कहा। विनय ने अपने छोटे भाई चिंटू से अपनी लाइसेंसी पिस्टल मंगाने के बाद उसे लहराने लगा। सुआ देवी ने बताया विनय द्वारा हंगामा करने पर उनकी 19 वर्षीय बेटी प्रीति घर से बाहर निकलकर आई। विनय ने लाइसेंसी पिस्टल बेटी की कनपटी से सटाकर दो गोलियां दाग दीं। प्रीति की मौके पर मौत हो गई। प्रीति के परिजन और आसपास के लोग विनय परमार को पकड़ने दौड़े। तब तक विनय ने अपनी कनपटी में भी गोली मार ली। भाई चिंटू की सूचना पर पहुंचे परिजन उसे अस्पताल लेकर गए। वहां चिकित्सकों ने विनय को मृत घोषित कर दिया। डीसीपी सोनम कुमार, एसीपी इमरान अहमद घटनास्थल पर पहुंच गए।

# तेहरान नहीं तो फिर कौन-सा शहर होगा ईरान की राजधानी

नई दिल्ली/जकार्ता। कुछ वक्त पहले इंडोनेशिया ने अपनी राजधानी जकार्ता से बदलकर नुसंतारा करने का फैसला लिया था। इससे पहले म्यांमार, कजाकिस्तान, तंजानिया, नाइजीरिया और पाकिस्तान समेत कई देश अपनी अपनी राजधानी सिटी बदल चुके हैं। अब इसी तर्ज पर ईरान भी अपनी राजधानी बदलने की तैयारी कर रहा है। ईरान तेहरान शहर से राजधानी का दर्जा हटाकर मकरान को नई राजधानी बना रहा है। ईरान सरकार की प्रवक्ता फातेमेह मोहजेरानी ने इसकी पुष्टि भी की है। ईरानी प्रवक्ता फातेमेह मोहजेरानी ने कहा कि ईरान की नई राजधानी देश के दक्षिण हिस्से में होगी। 90 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहर तेहरान पर अच्छा खासा दबाव हो गया है। इतना ही नहीं, तेहरान की गिनती दुनिया के सबसे अधिक प्रदूषित शहरों में होती है। तेहरान में रहने वाले लोगों को पानी, बिजली और रसोई गैस जैसी मूलभूत चीजों की कमी से जूझना पड़ रहा है। जनसंख्या के दबाव के अलावा, राजधानी बदलने का दूसरा कारण यह है कि तेहरान में भूकंप का खतरा बढ़ गया है।

अब सवाल आता है कि ईरानी सरकार ने राजधानी को तेहरान से बदलने के लिए मकरान को क?यों चुना। दरअसल, यह शहरा ईरान के दक्षिण में स्थित एक तटीय एरिया है, जिसकी तटरेखा करीबन 1000 किलोमीटर लंबी है। मकरान को राजधानी बनाने पर समुद्र पर आधारित अर्थव्यवस्था विकसित करने में खासा मदद मिलेगी। इस क्षेत्र के कुदरती संसाधन मकरान को व्यावसायिक और समुद्री कार्यों के लिहाज से दुनिया भर के लिए बड़ा हब बना सकते हैं। ईरान मकरान एरिया को नए समुद्री व्यापारिक कॉरिडोर बनाना चाहता है। दूसरी ओर से इससे मध्य एशिया और हिंद महासागर के बीच कनेक्टिविटी आसान हो जाएगी।

# घाटकोपर में भव्य संगीतमय श्री राम कथा की अमृत वर्षा

मुंबई। जय श्री स्वामी समर्थ मित्र मंडल द्वारा आयोजित श्री राम कथा विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी जय भारत मैदान गाँवदेवी घटकोपर पश्चिम मुंबई में अयोध्या धाम से पधारे अंतर राष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य भरत शास्त्री जी महाराज ₹महंथ₹ के मुखार बिंदु द्वारा भव्य संगीतमय श्री राम कथा की अमृत वर्षा हो रही है.प्रति दिन सायं 6 बजे से कथा प्रारंभ होती है. और 19 जनवरी को पूणाहुति हवन, महाप्रसाद भंडारे का भी आयोजन किया गया है, मयादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीरामचंद्र के लीला का वर्णन सुन कर श्रोता गण भाव विभोर हो रहे है और कथा में प्रतिदिन झाँकी दशार्या जाता है इसी कड़ी में गुरुवार को श्रीराम जानकी विवाह महोत्सव झाँकी दिखाया गया कार्यक्रम में अध्यक्ष पंकज सिंह (ठाकुर), सचिव मुरलीधर यादव, कोषाध्यक्ष रंजीत पांडेय,और सुनील उपाध्याय, राधे मोहन यादव,राजेश सिंह, घनश्याम मिश्रा, राजेश देवतवाल, रमेश शाहु, संतोष सिंह, पारशनाथ सिंह, निगम सिंह, दलजीत पांडेय, कैलाश सिंह, राजकुमार यादव, चंदु शर्मा सहित अन्य भक्तगण आयोजन को सफल बनाने में लगे हुए है.

चिरैता
कॉफी
50gm
HAINEES
100% natural
Nutritional Value of Chirata:
Chirata contains several compounds that contribute to its medicinal value. The compounds include Xanthones, alkaloids, and glycosides. They also consist of ophelic acid, chiratin, steric acid, oleic acid, and palmitic acid.
Chirayata coffee
- It may have liver-protecting properties.
- It may help to maintain normal blood sugar levels and is effective in treating diabetes.
- It may be helpful in the treatment of asthma and shortness of breath.
- It may have wound healing properties.
- It may have beneficial properties for anemia.
- It may have immune boosting properties.
- It may have blood pressure controlling properties.
- It may be able to boost appetite.

fssai
21522021001141
Address: A wing 203, siddhivinayak tower. Badlapur station east Contact us:+919301693840
औषधी गुणों से भरपूर
सम्पर्क नंबर: 8692970586

